

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार, 13 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-076 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय रहने के निर्देश

**रायपुर,13 जून।** छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसदों की भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल बैठक ले रहे हैं. प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हो रही बैठक में लोकसभा चुनाव का फीडबैक लेते हुए अधिक से अधिक अपने क्षेत्र की जनता के संपर्क में रहने के निर्देश गए. संगठन महामंत्री पवन साय की मौजूदगी में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने सांसद संतोष पांडेय से वन टू वन चर्चा की. इस दौरान चुनाव के दौरान किए गए कमिटमेंट को पूरा करने और अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाने की समझाइश दी. संतोष पांडेय के अलावा महासमुंद की नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी, जांजगीर-चांपा की सांसद कमलेश जांगड़े, कांकेर के सांसद भोजराज नाग, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया से भी चर्चा हुई. बैठक की जानकारी देते हुए जांजगीर-चांपा की सांसद कमलेश जांगड़े ने बताया कि चुनाव के बाद भेंट-मुलाकात हुई. चुनाव को लेकर समीक्षा की गई. एक औपचारिक मुलाकात थी. भीतरघात को लेकर भी सवाल किए, जिस पर उन्हें जानकारी दी गई है. दिल्ली से लौटने के बाद अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश मिले हैं, और आगे की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई है.

### हिमाचल ने खड़े किए हाथ, दिल्ली को नहीं मिलेगा अतिरिक्त पानी

**नई दिल्ली,13 जून।** दिल्ली में चल रहे जल संकट से संबंधित एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को हरियाणा से अतिरिक्त 150 क्यूसेक पानी सुरक्षित करने के लिए ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) से संपर्क करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत की अवकाश पीठ ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे से संबंधित मुद्दा जटिल है। इस अदालत के पास तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। दिल्ली सरकार से मानवीय आधार पर राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति के लिए शाम 5 बजे तक यूवाईआरबी को एक आवेदन जमा करने को भी कहा। अदालत ने 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी होने का गलत दावा करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार की भी आलोचना की। सुनवाई के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसके पास अतिरिक्त 136 क्यूसेक पानी नहीं है और अपना पुराना बयान वापस ले लिया। हालाँकि, अदालत ने हिमाचल सरकार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का फैसला किया। शीर्ष अदालत आप सरकार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अधिशेष पानी को जारी करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग की गई थी।

### राजनाथ सिंह ने दिया आत्मनिर्भर भारत पर जोर

**नई दिल्ली,13 जून।** केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, जिन्होंने गुरुवार को रक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला, ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण के साथ एक मजबूत, 'आत्मनिर्भर' सरकार विकसित करना होगी। राष्ट्रीय राजधानी में साउथ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय में रक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने वाले सिंह ने कहा कि सरकार रक्षा क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी और अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है। राजनाथ ने कहा कि पीएम मोदी ने मुझे फिर से रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। हमारी प्राथमिकताएं एक ही होंगी, देश की सुरक्षा। हम एक मजबूत और 'आत्मनिर्भर' भारत विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। हमने 21,000 करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा उपकरण निर्यात किए हैं।

## नीट: सुको का आदेश, स्टूडेंट्स को दोबारा देना होगा एग्जाम



**नई दिल्ली,13 जून।** नीट यूजी रिजल्ट 2024 मामले में दायर 3 याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है. 2 याचिका पर नोटिस जारी कर दिया है. वहीं 3 याचिका पर सुनवाई चल रही है. केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 1563 उम्मीदवारों के स्कोरकार्ड रद्द करने का निर्णय लिया गया है, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए थे. केंद्र ने कहा कि इन 1563 छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा. वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि काउंसलिंग चलती रहेगी और हम इसे नहीं रोकेंगे. यदि परीक्षा होती है, तो सब कुछ समग्रता से होता है, इसलिए डरने की कोई बात नहीं है. वकील जे साई दीपक ने कहा कि हम मनमाने ढंग से अनुग्रह अंक देने और अनुचित तरीके अपनाने के खिलाफ हैं. यह कहना होगा कि यह यहां लंबित याचिका के परिणामों के अधीन है अन्यथा यह असफल हो जाएगा.एनटीए की ओर से वकील कनु अग्रवाल ने कहा कि 12 जून को हुई बैठक के बाद एक निर्णय लिया गया है.

समिति का विचार है कि 1563 उम्मीदवारों को नीट परीक्षा के लिए दोबारा परीक्षा देनी होगी. 1563 उम्मीदवारों को जारी किए गए सभी स्कोरकार्ड रद्द कर दिए जाएंगे. दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी, जो लोग इस पुनः परीक्षा में शामिल नहीं होंगे उन्हें बिना प्रतिपूरक अंक के परीक्षा देनी होगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब आप कहते हैं कि उनके पास उपस्थित नहीं होने और स्कोरकार्ड रद्द करने का विकल्प है तो कुछ विसंगति है. अग्रवाल ने कहा जो लोग उपस्थित नहीं होंगे उनके पास प्रतिपूरक अंक के बिना उनके मूल अंक होंगे, लेकिन 1563 को पुनः परीक्षा में बैठने का विकल्प मिलेगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा तो आपको उसको फिर से तैयार करने की जरूरत है. केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 1563 नीट यूजी 2024 उम्मीदवारों के स्कोर-कार्ड रद्द करने का निर्णय लिया गया है, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए थे. केंद्र ने कहा कि इन 1563 छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा.

### जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे : प्रधान

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान, जिन्होंने गुरुवार को शिक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला, ने नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक) मामले पर सुप्रीम कोर्ट में नवीनतम विकास पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रधान ने कहा कि यदि कोई अनियमितता पाई गई तो आरोपी को दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत सरकार और एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) निष्पक्ष परीक्षा आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोई भ्रष्टाचार नहीं है। नीट परीक्षा को लेकर 24 लाख छात्र परीक्षा में शामिल होते हैं। आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है और ये मामला करीब 1500 छात्रों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार कोर्ट को जवाब देने को तैयार है।

## फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर रोक

**नई दिल्ली, 13 जून।** फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। अदालत ने बॉम्बे हाई कोर्ट से यह भी कहा है कि वह इस मामले में दाखिल अर्जी पर जल्दी फैसला ले। उच्च न्यायालय में दाखिल अर्जी में कहा गया है कि यह फिल्म इस्लाम की मान्यता के खिलाफ है और विवाहिता मुस्लिम महिलाओं को भी गलत ढंग से दिखाती है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब फिल्म के खिलाफ हाई कोर्ट में दाखिल अर्जी पर फैसला नहीं होता है, तब तक मूवी की स्क्रीनिंग पर रोक रहेगी। फिल्म की रिलीज 14 जून को होनी थी, लेकिन अब उसे टाल दिया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम हाई कोर्ट से आग्रह करते हैं कि वह इस अर्जी पर जल्दी से फैसला ले। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मूवी की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई, जिसने फिल्म पर रोक का आदेश दिया। याचिकाकर्ताओं की वकील फौजिया शकील ने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस फिल्म के सीन देखने के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को एक समिति बनाने का आदेश दिया है। समिति से कहा गया है कि वह फिल्म के विवादित सीन्स को देखे और उस पर राय दे। इस पर अदालत में फिल्म निर्माताओं के वकील ने कहा कि सभी ऐसे सीन हटा दिए गए हैं, जिन पर आपत्ति जाहिर की गई थी। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसा नहीं हुआ है। हमने आज ही फिल्म का टीजर देखा। वे सारे सीन उसमें हैं, जिन पर आपत्ति थी। फिल्म मेकर्स के वकील ने कहा कि रिलीज पर स्टे लगाने से हमें नुकसान होगा। इस पर जज ने कहा, यदि फिल्म का टीजर ही इतना आपत्तिजनक है तो फिर पूरी फिल्म में क्या होगा। पहली नजर में ऐसा लगता है कि आप विवादित सीन हटाने में फेल रहे हैं। बता दें कि उच्च न्यायालय में दाखिल अर्जी में कहा गया था कि यह फिल्म विवाहित मुस्लिम महिलाओं का गलत चित्रण करती है। फिल्म कहती है कि एक इंसान के तौर पर मुस्लिम महिलाओं के अधिकार नहीं हैं और ऐसा कुरान में कहा गया है। इस फिल्म में कुरान की आयत की गलत व्याख्या की गई है। इस पर उच्च न्यायालय ने पहले फिल्ममेकर्स से कहा था कि वह 14 जून तक फिल्म रिलीज न करें। इसके बाद एक और आदेश दिया गया, जिसमें फिल्म प्रमाणन बोर्ड से कहा गया कि वह तीन सदस्यों की एक समिति बनाए। इसमें कम से कम एक मुस्लिम सदस्य जरूर होना चाहिए।




## तीन मंजिला इमारत में आग, 2 बच्चों समेत 5 लाशें बरामद



**नई दिल्ली,13 जून।** गाजियाबाद में एक तीन मंजिली इमारत में भीषण आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दो बच्चे शामिल हैं। घटना लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर गांव में बुधवार रात करीब 8:00 बजे हुई। आग तेजी से फैली जिससे लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। आग लगने के बाद तीन बच्चे, दो महिलाएं और एक युवती फंस गए। दमकल विभाग के कर्मियों ने पांच लाशें बरामद की हैं। बताया जाता है कि इमारत में फोम का कारोबार चल रहा था। मकान में शॉट सर्किट के कारण आग लगी बताई जाती है। दमकल विभाग की टीम देर रात तक राहत और बचाव का कार्य में जुटी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोनी बार्डर थाने के बेहटाहाजीपुर गांव में इश्तियाक अली का तीन मंजिला मकान है। मकान में वह और उनका बेटा सारिक परिवार के साथ रहते हैं। सारिक के परिवार में पत्नी, सात माह का बच्चा और बहन हैं। सारिक की दूसरी बहन अपने तीन बच्चों के साथ उसके घर आई थी। सारिक मकान में फोम आदि का काम करता है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात करीब 8.15 बजे बिजली के शॉट सर्किट से मकान में आग लग गई। मकान में फोम भरी होने के कारण कुछ ही देर में आग तीनों मंजिल तक पहुंच गई। इससे परिवार के लोग मकान में फंस गए। आग लगने के बाद लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की लेकिन आग पर काबू न पा सके। आग भड़कने पर फायर बिग्रेड और पुलिस को घटना की जानकारी देकर मदद की गुहार लगाई गई। ट्रॉनिका सिटी से फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां कुछ ही देर में मौके पर पहुंचीं। दो मंजिल की आग को बुझा लिया है लेकिन एक मंजिल पर आग बुझाई नहीं जा सकी है। बताया जाता है कि जिस गली में मकान है, वह अत्यंत संकरी है। इससे फायर बिग्रेड की गाड़ी अंदर नहीं पहुंच सकीं। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने कहा कि इस वजह से आग पर पूरी तरह से काबू पाना कठिन हो रहा है। साहिबाबाद और वैशाली से फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर बुलाई गई हैं। आग को बुझाने का काम खबर लिखे जाने तक जारी था। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग की लपटों पर तो काबू तो पा लिया है लेकिन धुएं के कारण घर की भीतर पहुंचना मुश्किल हो रहा है। देर रात तक बचाव टीम ने घर से पांच डेड बॉडी निकाली है। इनमें दो महिलाओं, एक पुरुष और दो बच्चों की लाशें हैं। कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की घटना के वक्त घर के भीतर कितने लोग थे, अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जाता है कि घर में फंसे लोगों के बाद बचने का केवल एक विकल्प था कि वे लोग छत पर चले जाएं और छत से ही पड़ोसी के घर पहुंच कर अपनी जान बचा लें। लेकिन दुर्भाग्य से मकान की चौथी मंजिल पर बनी ममटी के दरवाजे का ताला बंद था। इसकी वजह से परिवार के लोग दरवाजा नहीं खोल पाए। उन्हें छत के रास्ते पड़ोसी के घर से नीचे उतरकर बचने का मौका नहीं मिला। परिवार के लोग सदमे में हैं। वे कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। आग कितनी भयावह थी इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि साहिबाबाद और वैशाली से दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा।

### जैतखाम विवाद: कांग्रेस की जांच समिति बलौदाबाजार रवाना

**रायपुर, 13 जून।** बलौदाबाजार में सतनामी समाज के विरोध-प्रदर्शन के दौरान हुई तोड़-फोड़ और आगजनी की घटना की जांच करने कांग्रेस की जांच समिति आज घटना स्थल के लिए रवाना हुई. समिति के सदस्य घटना स्थल से लेकर समाज प्रमुखों और प्रत्यक्षदर्शियों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौपेंगे. कांग्रेस की सात सदस्यीय जांच समिति के अध्यक्ष शिव डहरिया ने कहा कि बीजेपी हमेशा सतनामी समाज के खिलाफ रही है. सतनामी समाज को प्रताड़ित करने में बीजेपी की सरकार औरंगजेब से भी आगे निकल गई. वहीं दौरे को लेकर कहा कि अभी हमारे अध्यक्ष के निर्देश पर जाँच कमेटी गठित की गई है. उन्होंने कहा कि सब लोगों से चर्चा करेंगे कि बीजेपी की सरकार में ऐसी घटना क्यों हुई. सतनामी समाज के खिलाफ बीजेपी हमेशा से रही है. सरकार के फेलियर के कारण यह घटना हुई.

## 13 साल की बेटी के साथ फांसी के फंदे पर झूली मां

**धमतरी, 13 जून।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक घर में मां-बेटी की फांसी के फंदे से लटकी हुई लाश मिली है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर में जुट गई है. पुलिस को शवों के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. मां-बेटी की आत्महत्या के पीछे की वजह भाई की मौत बताई जा रही है. करीब एक साल पहले मृतका के भाई ने पिस्टल से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी. इस घटना के सदमे से परिवार उबर भी नहीं पाया था कि मां-बेटी ने घर में ही आत्महत्या कर ली. मृतिका ने आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी भी पोस्ट की थी. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना इलाके के शिव चौक के एक घर में मां और बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है. मृतिका महिला खुशबू शर्मा उम्र 38 साल और बेटी अंतरा शर्मा की उम्र 13 साल है. बताया जा रहा है कि मृतिका तलाकशुदा थी. वह अपनी मां के साथ धमतरी में रह रही थी. खुशबू का एक भाई था आकाश मिश्रा उर्फ सन्नी मिश्रा (28 वर्ष) जिसने पिछले साल 2023 को सितंबर महीने में किसी कारणवश कोटाभर्री के जंगल में पिस्टल से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी. सन्नी घर में इकलौत कमाने वाला था, जिसकी वजह से घर वालों का भरणपोषण होता है. सन्नी की मौत से पूरा परिवार सदमे में था. इस बीच बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात खुशबू शर्मा ने आत्महत्या करने से पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो स्टोरी पोस्ट की. पहली स्टोरी में उसने लिखा था, 'यहां कुछ भी ठीक नहीं है, अंत में सिर्फ अंतिम संस्कार होता है.' दूसरी स्टोरी में लिखा था, 'तू आएगा ही नहीं तो तुझे बुलाऊं कैसे, तू समझना ही नहीं चाहता तो तुझे समझाऊं कैसे.' ये दो स्टोरी पोस्ट होने के बाद आज सुबह मां और बेटी की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली. इस आत्महत्या कांड के बाद अब घर में केवल मृतिका खुसबू की मां ही बची है. बताया जा रहा है कि भाई की मौत से मृतिका काफी डिप्रेशन में थी और इसकी वजह से ही उसने आत्मघाती कदम उठाया. फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर जांच कर रही है.



### नया रायपुर में विधानसभा भवन के निर्माण की समीक्षा

**रायपुर,13 जून।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवा रायपुर में बन रहे विधानसभा के नवीन भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में समीक्षा को लेकर बैठक हो रही है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी बैठक में उपस्थित हैं। बता दें कि नवा रायपुर में विधानसभा भवन सहित विधायक विश्रामगृह एवं विधानसभा के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण हो रहा है।

### अवैध खनन और परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

## 7 हाईवा सहित 13 वाहन जब्त, मालिकों पर प्रकरण दर्ज

**बिलासपुर,13 जून।** कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा बीती शाम से लेकर 13 जून की सुबह 6 बजे तक करीब डेढ़ दर्जन ग्रामों में छापामार शैली में सघन निरीक्षण किया। अवैध रेत खदान और खनिज परिवहन करते 7 हाईवा सहित 13 वाहनों पर कार्रवाई की गई। उप संचालक खनिकर्म विभाग डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि टीम द्वारा बीती रात ग्राम लोधीपारा,कोनी,सेंदरी, कछार,लोफंदी,मंगला,धुरीपारा, लोखंडी,निरतू, घुटकू लमेर,नेवरा,कोटा बोड़सरा, सिरगिट्टी क्षेत्र मे रेत खदान एवं खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच किया गया। इस दौरान सेंदरी क्षेत्र में 4 हाईवा एवं लोधीपारा क्षेत्र में 2 ट्रेक्टर को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर पुलिस थाना कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है। नेवरा क्षेत्र में 3 हाईवा 1 जेसीबी,1 चेन माउंटेड मशीन को खनिज मिट्टी/मुरूम का अवैध उत्खनन एवं कोटा क्षेत्र में 2 ट्रेक्टर को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर चैन माउंटेड मशीन को सुपुर्दगी में देते हुए अन्य सभी वाहनों को पुलिस थाना कोटा की अभिरक्षा में रखा गया है। वैध अभिवहन पास/रायल्टी पर्ची के बिना खनिजों का उत्खनन और परिवहन किये जाने के कारण सभी 13 वाहन चालकों/मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71/खान एवं खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 के तहत खनिज के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी तरह पिछला सप्ताह खनिज जांच चौकी लांवर मस्तूरी में 3 हाईवा को खनिज रेत का एवं 2 माजदा को मिट्टी(ईंट) के अवैध परिवहन करते पाये जाने के कारण जप्तकर अभिरक्षा में रखा गया है।

## आइसक्रीम में निकली इंसान की अंगुली

**मुंबई, 13 जून।** एक महिला ने आइसक्रीम ऑर्डर की थी, लेकिन जब उसे खोला तो उसमें इंसान की अंगुली मिली। यह देखकर महिला हैरान रह गई और इस मामले में पुलिस ने केस भी दर्ज कर लिया है। अब तक खाने की चीजों में कीड़े-मकौड़े मिलने की खबरें आ जाती थीं, लेकिन इस मामले ने सभी को हैरान कर दिया है। महिला ने आइसक्रीम खरीदी थी। महिला की शिकायत पर अब मलाड पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। यही नहीं आइसक्रीम में मिली अंगुली को टेस्ट के लिए फॉरेंसिक लैब में भेजा जाएगा।

मुंबई के मलाड की ही रहने वाली महिला का कहना है कि उसने Yummo Ice Creams में ऑनलाइन ऑर्डर दिया था। आइसक्रीम जब आई तो उसने खोला, जिसमें इंसान की अंगुली मिली। इस मामले में पुलिस ने आइसक्रीम कंपनी के खिलाफ मिलावट करने और इंसान के जीवन को खतरे में डालने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने आइसक्रीम और उसमें मिली अंगुली को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। इस मामले में साजिश की आशंका भी है, जिसके चलते पुलिस सतर्क हो गई है। आइसक्रीम ऑर्डर करने वाली महिला की पहचान ऑरलेम ब्रैंडन सेराओ के तौर पर हुई है। वह पेशे से डॉक्टर हैं और मलाड में ही रहती हैं। उन्होंने कोन आइसक्रीम ऑर्डर की थी। महिला डॉक्टर ने कहा कि मैंने जब आइसक्रीम से कवर हटाया तो एक बार यह भी लगा कि शायद नट्स हैं। लेकिन गौर से देखने पर लगा कि यह इंसान की अंगुली का एक हिस्सा है। इसके बाद मैं शिकायत की और अब मामला पुलिस के पास है। आइसक्रीम में अंगुली वाला फोटो भी उन्होंने ऑनलाइन शेयर किया, जो वायरल हो रहा है।



### आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य शासकीय दस्तावेजों में कराना होगा परिवर्तन

## परिसीमन से मतदाताओं को होगी खासी परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 13 जून।** नगरीय निकाय विभाग द्वारा वार्डों का परिसीमन कराए जाने के आदेश पर निर्वाचित पार्षदों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्षदों के अनुसार वार्ड के परिसीमन से मतदाताओं को काफी परेशानी होती है शासकीय दस्तावेजों जैसे आधार व पैन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य दस्तावेजों में परिवर्तन कराना पड़ता है। राजधानी में कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 सबसे बड़ा वार्ड होगा। जिसमें मतदाताओं की संख्या 25 हजार तक पहुंच जाएगी।

राजधानी में नगरीय निकाय विभाग के आदेश का पालन करने के लिए चुनाव अधिकारी एके एलधर को बनाया गया है। इसके पहले राकेश गुप्ता परिसीमन सहित मतदाता सूची बनाने का काम किया करते थे। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड की जागरूक महिला पार्षद सुशीला धीवर ने कहा कि मेरे वार्ड में सड्डू-मोवा तथा कचना को भी मिलाया जा रहा है जिससे इस वार्ड में मतदाताओं की संख्या करीब 25 हजार पहुंच जाएगी। ज्ञात रहे जब्बार नाला से लेकर रिंग रोड नंबर 2 तक इस वार्ड की सीमा में भूमाफिया काफी सक्रिय हैं। बड़ी संख्या में मकान बन रहे हैं। सुशीला धीवर का कहना है कि वार्ड का परिसीमन का खामियाजा मतदाताओं को ही भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पार्षद भी अपने राजनीतिक स्वार्थों की खातिर वार्ड के कुछ भाग को दूसरे वार्ड में मिला देते हैं। नगर निगम के चुनाव अधिकारी के अनुसार राजधानी में 70 वार्ड हैं। इनकी संख्या नहीं बढ़ेगी। सिर्फ वार्ड के अंदर ही भौगोलिक स्थिति में परिवर्तन किया जाएगा। राज्य में महानगर पालिका बनाने के लिए कोई प्रावधान नहीं है इसलिए सिर्फ 70 वार्ड ही रहेंगे। पुरानी बस्ती के अंतर्गत महामाया मंदिर वार्ड, महंत लक्ष्मीनारायण वार्ड आते हैं। इनकी भी सीमाओं को लेकर विवाद रहता है।



महामाया मंदिर वार्ड की पार्षद सरिता वर्मा के अनुसार ब्रह्मपुरी तथा अमिनपारा के विवादित हिस्सों को लेकर विवाद रहता है। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में भी कई मोहल्लों को लेकर विवाद है। जोन क्रमांक-5 के अंतर्गत आने वाले प्रोफेसर कालोनी की सीमाएं अलग-अलग है जिससे परेशानी होती है। सरिता वर्मा के अनुसार वार्ड का परिसीमन करने के पहले पार्षदों से रायशुमारी करनी चाहिए।

### रामसागरपारा, स्वामी आत्मानंद और चूड़ामणि वार्ड की सीमा को लेकर विवाद

राजधानी के स्वामी आत्मानंद वार्ड के अंतर्गत चौबे व समता कालोनी आता है। समता कालोनी दो टुकड़ों में है। आधा भाग चूड़ामणि वार्ड में आता है। इस वार्ड में ओड़िया मोहल्ला को लेकर काफी तालाब है। उछला तालाब को लेकर विवाद है। लवकुश विहार की सीमा चौबे कालोनी से लगी है। यहां के लोग चौबे कालोनी में मतदान करना चाहते हैं। वे स्वामी आत्मानंद वार्ड में रहना चाहते हैं लेकिन उन्हें अब चूड़ामणि वार्ड का मतदाता बना दिया गया है। समता कालोनी, गरबा मैदान, 10 एकड़ एरिया भी रामसागरपारा में आताा है। रामसागरपारा में नगर निगम कालोनी को लेकर भी विवाद बना हुआ है।

### सीमा रेखा के आधार पर ही बनाई जाएगी मतदाता सूची

राजधानी में उड़िया समाज के लोगों की अच्छी खासी संख्या है। यह संख्या नतीजों को प्रभावित करने में सक्षम है। बैरनबाजार व नेहरू नगर के लोगों में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है। नेहरू नगर वर्तमान में महापौर के वार्ड में आता है इसलिए वे इसे अपने वार्ड में ही रखना चाहते हैं। रामनगर, भरत नगर से लेकर गोंदवारा में भी वार्ड की सीमा को लेकर विवाद है। अधिकारियों के अनुसार वार्ड की सीमा रेखा के आधार पर ही मतदाता सूची बनाई जाएगी। इसलिए यह काम काफी महत्वपूर्ण है। राजधानी के तीन विधायक नगरीय निकाय चुनाव में काफी रुचि रखते हैं इसलिए सीमा रेखा बनाने पर विवाद होगा।

## एक नजर

### युवक पर हमला, दो गिरफ्तार



**भिलाई, 13 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र एक युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में धारा 294, 506, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि राहुल राव निवासी कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 जून की सुबह 4.30 बजे हमाली काम करने अपने घर से आकाश गंगा सुपेला जा रहा था उसी दौरान राहुल गौतम, सुरजीत सिंह एवं उनके साथी ने प्रार्थी को हमारे खिलाफ रिपोर्ट लिखाने में सहयोग किये हो कहते हुए हाथ में रखे धारदार चाकू से छाती में हमला किया तब प्रार्थी ने बचाव करने पर उनके हाथ के कोहनी में चाकू लगा प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश में लग गई इसी दौरान आरोपी राहुल गौतम (29 वर्ष) निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल राजनांदगांव, हाल सुपेला व सुरजीत सिंह (24 वर्ष) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर चार टेलर आफिस को सुपेला में घेराबंदी का पकड़ा गया आरोपियो से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया।

### राशन दुकान से चावल चोरी

**भिलाई, 13 जून।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र डबरापारा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में बीती रात चोरों ने ताला को आरी से काटकर दुकान में रखे 130 क्विंटल चावल चोरी कर ले गए सुरभित महिला स्व सहायता समूह संचालक की शिकायत पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि घटना डबरापारा पश्चिम स्थित सुमित महिला स्वसहायता समिति की दुकान है दुकान संचालक हितग्राहियों को चावल वितरीत करने के बाद दुकान में ताला लगाया और घर चला गया दूसरे दिन सुबह जब दुकान पहुंचा देखा शटर में लगा ताला को बदमाशों ने आरी से काट दिया और दुकान के अंदर रखे 130 क्विंटल चावल पार कर दिए।

### हथियार लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ाया



**भिलाई, 13 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र हथियार लेकर गुंडागर्दी करने वाले आदतन बदमाश को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मुखबीर से सूचना के आधार पर घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपना नाम दिलीप चौहान उर्फ टकला (24वर्ष) निवासी संजय नगर आदर्शपारा सुपेला बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक धारदार चापड़ बरामद किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

### योजनाबद्ध तरीके से युद्धस्तर पर अभियान चलाकर किया जाएं पौधारोपण: कलेक्टर

**दुर्ग, 13 जून ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागृह में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से किसान वृक्ष मित्र योजना की जानकारी लेते हुए इसके अंतर्गत हो रही गतिविधियों पर चर्चा की। किसान वृक्ष मित्र योजना का उद्देश्य कृषकों एवं अन्य हितग्राहियों के निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षों का रोपण कर सहयोगी संस्था एवं निजी कंपनियां के माध्यम से उत्पाद की वापस खरीदी करते हुए उनके आय में बढ़ोतरी करना है। समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं शासन के स्वयत्त संस्थाएं जो अपनी स्वयं की भूमि पर रोपण करना चाहते है इनके आलावा निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायते, भूमि अनुबंध धारक जो अपनी भूमि में रोपण करना चाहते हैं इस योजना हेतु पात्र होंगे। योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अधिकतम 5 एकड़ तक की भूमि पर 5 हजार पौधे निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे एवं उनके रखरखाव हेतु जीवित प्रतिशत पौधों के आधार पर निर्धारित दर पर वित्तीय अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार 5 एकड़ से अधिक भूमि होने पर प्रति एकड़ 1 हजार पौधे निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे एवं जीवित प्रतिशत पौधों के आधार पर 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान दिया जाएगा।

योजना में क्लोनल नीलगिरी, रूटशूट सागौन, टिश्यू कल्चर सागौन, चंदन, मिलिया डुबिया, सामान्य बांस, टिश्यू कल्चर बांस प्रजातियों के पौधे निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

# एसडीएम ने किया राशन दुकान का औचक निरीक्षण



पाटन। एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज ने रानीतराई क्षेत्र का दौरा किया। शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण भी किया। जिस समय एसडीएम दुकान में पहुंचे उस समय दुकान खुला हुआ था और सेल्समेन राशन वितरण कर रहे थे। यहां पर राशन वितरण की स्थिति संतोषजनक पाई गई। इसके अलावा उन्होंने स्टाक पंजी का भी अवलोकन किया। इसके बाद एसडीएम दीपक कुमार निकुंज सेवा सहकारी समिति डीडाभाटा पहुंचे। यहां पर खाद बीज का वितरण की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही साथ किसानों को वितरण के लिए यहां पर खाद के स्टाफ का भी मिलान किया । उन्होंने समिति के कर्मचारियों को निर्देश दिए की खाद बीज का स्टॉक खत्म होने से पहले ही डिमांड और आर ओ जारी करें जिससे कि किसानों को तकलीफ ना हो और उनका समय पर खाद मिल सके। यहां पर उन्होंने खाद बीज की स्टाफ का स्टाफ पणजी से मिलान करते हुए बहुत ही सत्यापन भी किया।

## सड़क पर ठेला लगाकर व्यापार करने वालों पर नगर निगम ने की कार्रवाई



**भिलाई, 13 जून।** नगर निगम भिलाई भिलाई क्षेत्र में सड़क पर खाने की सामग्री बेचने वालों पर नगर निगम में भिलाई की चालानी कार्रवाई। निगम भिलाई द्वारा रोड के ऊपर अवैध रूप व्यापार, फल बेचने, खाने की सामग्री बेचने वालों, कुल्फी, फालूदा, चाट गुपचुप, मोमोज, जलजीरा बेचने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। निगम भिलाई का राजस्व विभाग की टीम द्वारा सुपेला घड़ी चौक से लेकर के गदा चौक तक रोड के ऊपर व्यवसाय कर रहे थे मना करने के बाद भी नहीं मानते हैं नगर निगम का तोड़फोड़ का दल जब जाता है सब भाग जाते हैं इधर-उधर गली में छिप जाते हैं। कुछ देर बाद फिर अपनी दुकान लगा लेते हैं। ऐसे व्यापारियों पर चालानी कार्रवाई की गई। रुपए 8400 का चालान 22 दुकानों से काटा गया। यह वही व्यापारी है जो रोड के ऊपर गंदगी फैलाते हैं। डस्टबिन का भी इस्तेमाल नहीं करते हैं। रात को व्यवसाय करने के बाद पूरा कचरा छोड़कर वहीं या नाली में फेंक करके चले जाते हैं। रोज वो लोग आकर के ठेला लगा लेते हैं और रोड को जाम करते है जिससे गंदगी फैलता है। नगर निगम स्थल का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचा उसके ऊपर जो लोग मिले उनके ऊपर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रमुख रूप से जोन के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, धीरज साहू, जेपी तिवारी, अंजनी सिंह, आदि उपस्थित रहे।

### पानी की समस्या को लेकर प्रभारी-अधिकारी ने किया वार्डों का निरीक्षण

**दुर्ग,13 जून।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 44 में पानी की समस्या के शिकायत मिलने पर समस्या का निराकरण लगातार निगम द्वारा किया जा रहा है।शहर क्षेत में आधे से अधिक क्षेत्रो से पानी की समस्या का निराकरण किया जा चुका है।अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के गलियों में पानी समस्या का निराकरण के लिए कार्य प्रगति पर है।कार्वाही के मौके पर जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, वार्ड क्रमांक 44 के पार्षद प्रकाश जोशी,सहायक अभियंता गिरीश दीवान,उपअभियंता मोहित मरकाम,जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद रहें।नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी जन समस्याओं को लेकर नगर निगम प्रशासन गंभीर हो गई है। मामले में प्रभारी जलकार्य प्रभारी संजय कोहले वार्ड पार्षद एवं अधिकारियों के शिकायत वार्ड में वार्डवासियों से मिलकर जल समस्या के बारे मे पूछताछ कर जानकारी ली।उन्होंने कहा पानी की समस्या गंभीर हो गई है समय पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगें। महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में जलकार्य प्रभारी संजय कोहले द्वारा जल विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ वार्ड की निरीक्षण कर लोगों को गर्मी के दिनों मे पानी की समस्या नहीं होने की बात कही और तत्काल सुधार कर पानी की समस्या को निराकरण किया जा रहा है।

### आयुक्त ने ली राजस्व विभाग की बैठक शतप्रतिशत वसूली का रखा लक्ष्य

**दुर्ग,13 जून।** नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर वार्डवार वसूली की जानकारी ली और गत सप्ताह बैठक में दिये गये निर्देश की जानकारी लेकर वित्तीय वर्ष पर शतप्रतिशत वसूली के निर्देश दिये।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बैठक में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों से उनके प्रभारित वार्डो की वार्डवार वसूली की जानकारी ली तथा गत सप्ताह के बैठक में दिये गये निर्देश की जानकारी लेकर राजस्व वसूली शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिये। प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर घर जाकर वसूली करे, अवकाश के दिनों में आधा दिन भी घर घर वसूली करने के साथ साथ निगम के राजस्व कार्यालय में भी वसूली करना सुनिश्चित करे। इसके अलावा नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर अधिरोपित करें। जिससे करों में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि जल विभाग से समांजस्य कर नये घरों से जलकर की वसूली करे।बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने कहा कि बकाया राशि की वसूली करना हमारी प्राथमिकता रहेगी।आयुक्त ने कहा इसी प्रकार भवन शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर की वसूली करे। जिससे शतप्रतिशत वसूली हो सके।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी जो करदाता जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं कर रहे है ऐसी स्थिति में संबंधित का नल विच्छेदन की कार्यवाही करे।

## ठेठवार यादव समाज के प्रांतीय महाधिवेशन में समाज की रीति-नीति पर हुई चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,13 जून।** छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव समाज का प्रांतीय महा अधिवेशन समाज के मुख्यालय राजिम में हुआ । इस सम्मेलन में पाटन राज ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारी तथा समाज से जुड़े लोग भी शामिल हुए । कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि राजिम के विधायक रोहित साहू थे। अध्यक्षता ठेठवार यादव समाज के प्रांतीय अध्यक्ष गुलेंद्र यादव ने की। समाज की तरफ से सभी पदाधिकारी ने मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू का सम्मान किया। स्वागत भाषण देते हुए ठेठवार यादव समाज के प्रांतीय अध्यक्ष गुलेंद्र यादव ने समाज की गतिविधियों से अवगत कराया साथ ही साथ उन्होंने राजीम मुख्यालय भवन में शेड निर्माण हेतु मुख्य अतिथि से 20 लाख रुपए की मांग भी रखी । मुख्य अतिथि विधायक साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि राजिम लोचन भगवान की धरती में कुलेश्वर महादेव के आशीर्वाद से आज हम सब यहां पर एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाज से बड़ा कुछ नहीं होता। हर समाज का अपना अपना अलग रीति नीति रहता है । सामाजिक कार्य से जुड़कर हम सबको एक स्वच्छ एवं मजबूत समाज एवं देश का निर्माण करना है । उन्होंने सामाजिक जनों की मांग पर शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए राशि की घोषणा भी की।। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि खल्लारी के विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारकाधीश यादव रहे । उन्होंने भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक जूटता के साथ सबको आगे आकर काम करने का अपील किया । साथ ही जो भी हर संभव मदद होगा वह उन्होंने समाज को करने के आश्वासन भी दिया। विशेष अतिथि जिला पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव थी। अधिवेशन में प्रांत कार्यकारिणी के द्वारा राज पार के प्रमुखों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर पाटन राज से अध्यक्ष ईश्वर यादव, सचिव अश्विनी यादव, मीडिया प्रभारी बलराम यादव ,पूर्व उपाध्यक्ष बालाराम पहादा, राकेश यादव सावनी, हेमलाल यादव परसाही, देवेंद्र यादव परसाही, यशवंत यादव खुटेरी, कमलेश यादव संतरा, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भारती यादव तर्रा, रामविलास यादव चुनकट्टा, मदन यादव केसरा, जीवन यादव केसरा , इंद्रजीत यादव सिर्री, मंजू लता सचिव महिला प्रकोष्ठ ग्राम बोरवाय, उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कुंती यादव मचानदुर, भगवती यादवपंडर, पवन यादव कसही, विजय यादव मर्रा, गोरे यादव गाड़ाडीह, शशि यादव दिघारी, संतोष यादव बीजाभांठा, संतोष यादव उपाध्यक्ष कनाकोट सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

## नगर निगम भिलाई के सभी कार्यालयों में मनाया ड्राई डे



**भिलाई, 13 जून।** नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालय में निर्धारित समय अनुसार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच में फाइट द बाइट मच्छर उन्मूलन के तहत जन जागरूकता अभियान अंतर्गत ड्राई डे मनाया गया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये थे कि प्रत्येक बुधवार को निगम के सभी कार्यालय में ड्राई डे मनाया जायेगा। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी स्वयं सभी विभाग में जाकर कर्मचारियों को प्रेरित कर रहे थे। सभी को प्रत्येक बुधवार को ड्राई डे मनाने के लिए कहा, साथ ही हिदायत दी कि वे आकस्मिक रूप से आकर कार्यालयीन अवधि में चेक करेंगे। कहीं भी कूलर में मच्छर, लार्वा पाये जाने पर तथा चारों तरफ साफ-सफाई नहीं मिलेगी तो संबंधित के ऊपर कार्यवाही की जावेगी। सबको सतर्क रहना है। अपने आफिस एवं घर को जल जनित एवं मच्छर जनित बीमारी से बचना है। फाईट द बाईट योजना की शत प्रतिशत सफलता तभी मिलेगी जब सभी लोग जागरूक होंगे। जल के माध्यम से उत्पन्न होने वाले जीवाणु एवं कीटाणुओं को मारना, जिससे डेंगू, मलेरिया, डायरिया, पीलिया इत्यादि बीमारी न हो।

### सामान्य सभा की बैठक 19 जून को

**दुर्ग, 13 जून ।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 19 जून 2024 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त ब्याज राशि से कार्यों के अनुमोदन संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित पदाधिकारियों एवं विभाग प्रमुख अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**दुर्ग, 13 जून ।** जिले में 21 जून 2024 को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में प्रातः 6 बजे से 7 बजे के मध्य किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों को कार्य दायत्वि सौपे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी कुमार देवांगन नोडल अधिकारी (संपूर्ण कार्यक्रम) होंगे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग श्री मुकेश रावटे को कानून व्यवस्था/संपूर्ण तैयारी/जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रोटोकॉल अधिकारी श्री हरवंश सिंह मिरी को मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण कार्ड वितरण, आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग श्री लोकेश चन्द्राकर को पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग की सफाई/गद्दे/टेन्ट/दरी/भौतिक व्यवस्था/विडियो/फोटो ग्राफी व्यवस्था/माईक व्यवस्था/शौचालय व्यवस्था, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग श्री अरविन्द मिश्रा को योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति/शैक्षणिक संस्थानों/के सभी कर्मचारियों/छात्रों एवं स्काउट गाईड/एन.सी.सी./एन.एस.एस. के छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री एस.के. श्रीवास को आमंत्रण पत्र कार्ड प्रिंटिंग/मंच निर्माण/मंचीय बैनर व्यवस्था करना, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक दुर्ग श्री हेमंत कुमार साहू को चिकित्सीय टीम एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था के लिए दायित्व सौपे हैं। इसी प्रकार जिला आयुर्वेद अधिकारी दुर्ग (आयुष) डॉ. जी.पी तिवारी को योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति/योग प्रशिक्षण 21 जून के पूर्व एवं प्रचार-प्रसार व काढ़ा पेय पदार्थ व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय शर्मा को आंगनबाड़ी केन्द्रों/बाल आश्रम हेतु संचालित संस्थाओं को सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देशित करना, उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग डॉ. प्रदीप जांगड़े नोडल अधिकारी को सभी महाविद्यालयों में योगा कार्यक्रम आयोजित करने एवं कुछ छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल करने हेतु निर्देशित करना, सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग दुर्ग श्री हेमंत सिन्हा को मंचीय संचालन हेतु उद्घोषिका का व्यवस्था करना, खाद्य नियंत्रक दुर्ग श्री सी.पी. दीपांकर को विशिष्ट अतिथिगण एवं योग दिवस में सम्मिलित प्रतिभागियों के लिए पौष्टिक स्वल्पाहार की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दुर्ग श्री उत्कर्ष पाण्डेय को पेयजल (मिनरल वाटर) की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित नगरीय क्षेत्र दुर्ग श्री आर.के. दानी को बिजली एवं जनरेटर व्यवस्था, जिला खेल अधिकारी दुर्ग श्री विलियम लकड़ा को जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु पूर्ण रूप से प्रचार-प्रसार, उप संचालक उद्यानिकी विभाग दुर्ग श्रीमती पूजा कश्यप साहू को जनप्रतिनिधियों का स्वागत हेतु बुके एवं पर्याप्त गमले फूल की व्यवस्था, उप संचालक जनसंपर्क विभाग दुर्ग श्री एम.एस. सोरी को समाचार पत्रों, चैनलों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रचार प्रसार, उप संचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग श्री अमित सिंह परिहार को संबंधित विभाग से आवश्यक समन्वय कर योग के संपूर्ण कार्यक्रम समय सीमा में गरिमाय पूर्ण कराने के लिए दायित्व सौपे गये हैं। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

**दुर्ग 13 जून ।** रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, मेण्ड्राकलां, जिला सरगुजा में मेडिकल ऑफिसर, काउंसलर, बैंड मास्टर/म्यूजिक टीचर, हार्स राइडिंग इन्सट्रक्टर, पीईएम/पीटीआई-कम-मैट्रॉन (केवल महिलाओं के लिए), लैबोरेट्री असिसटेंट एवं वार्ड ब्वॉय (छात्रावास सहायक) के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए है। इच्छुक आवेदक निर्धारित आवश्यक दस्तावेजों के साथ विज्ञापन के प्रकाशन की तिथी से 21 दिनों के भीतर सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के कार्यालय में आवेदन कर सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल संस्थान किसी भी डाक देरी के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। रिक्तियों की संख्या परिवर्तित की जा सकती है।

## कार्टूनिस्ट बीवी पांडुरंगा राव को मिला प्राइड ऑफ भारत पुरस्कार



**भिलाई, 13 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कार्टूनिस्ट बी वी पांडुरंगा राव का नाम भिलाई वासियों के लिए जाना-पहचाना है। 80 वर्षीय पांडुरंगा राव अब बेंगलुरू में रहते हैं और वे पांच दशकों से भी अधिक समय से शौकिया कार्टूनिस्ट हैं। अंग्रेजी, हिंदी और कन्नड़ में विभिन्न प्रकाशनों के लिए 10,000 से अधिक कार्टून बनाने, देश के विभिन्न स्थानों पर 55 एकल कार्टून प्रदर्शनियों का आयोजन करने के साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार जीतने वाले भी पांडुरंगा राव का भिलाई से गहरा नाता है। भिलाई में ऐसे कई लोग हैं जो आज भी राव को उनकी उपलब्धियों और उनके कार्टूनों के लिए बधाई देते हैं। राव भी भिलाई वासियों के प्रति उतना ही स्नेह रखते हैं। वे कहते हैं कि इस क्षेत्र में मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने के दौरान कार्टून बनाने के लिए अपने सहकर्मियों और वरिष्ठों से मिले प्रोत्साहन की बदौलत है। उन्होंने कहा कि भिलाई हमेशा उनके दिल में एक विशेष स्थान रखेगा। अपने सेवाकाल के दौरान वे नियमित रूप से संयंत्र के इन-हाउस प्रकाशनों के लिए कार्टून बनाते थे, जिन्हें कर्मचारी बहुत पसंद करते थे। जनसंपर्क विभाग और पर्यावरण प्रबंधन विभाग सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों में काम करने के बाद राव ने 2001 में वी आर लिया। कार्टून के प्रति अपने जुनून के अलावा राव खिलाड़ी भी रहे हैं। उन्होंने क्रिकेट में भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वे 20 वर्षों तक एमपी स्टेट पैनल क्रिकेट अंपायर रहे हैं। शटल बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में, उन्होंने बीएसपी और एमपी डिवीजन के लिए तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में मास्टर्स टूर्नामेंट खेला है।

## कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 13 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 11 जून को कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार उपस्थित थे। तरुण कनरार ने शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित, मास्टर ऑपरेटर मेराज अकरम एवं मास्टर तकनीशियन घनाराम कोशरे को मई 2024 के लिए, कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। तरुण कनरार ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सुरक्षा को प्राथमिकता देकर आगे भी इसी तरह लगन से कार्य करते रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए विजेताओं को प्रेरित किया। समारोह में महाप्रबंधक समीर राय चौधरी, महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक बी पासवान, महाप्रबंधक बी सी मंडल, महाप्रबंधक पी एम राजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक टी के मुखर्जी, महाप्रबंधक डी के सामंतरे, महाप्रबंधक के नन्द कुमार, सहायक महाप्रबंधक प्रदीप कुमार वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक निशांत कामडे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं संचालन कार्मिक अधिकारी एमटीटी सुश्री मारेपल्ली तन्मयी द्वारा किया गया।

संपादकीय

## सभी विभाग भी बंट गए पर कोई शिकायत नहीं

राजनीति में अक्सर ऐसा होता है कि जो चुनाव में बहुमत हासिल नहीं कर पाते हैं, सरकार बनाने में असफल रहते हैं,जनता का विश्वार जीतने में नाकाम रहते हैं, खुद को दूसरे दल से बेहतर साबित नहीं कर पाते हैं।वह चाहते हैं और कोशिश भी करते हैं जिस पर जनता ने भरोसा जताया है, जिसने खुद को सारे दलों से बेहतर साबित किया है, जो बहुमत हासिल करने में सफल है, जो सरकार बनाने में सफल है,वह सरकार न बना सके। असफल आदमी को दूसरे आदमी की सफलता अच्छी नहीं लगती है,वह सोचता है कि जब मैं असफल हो गया तो कोई सफल कैसे हो सकता है।यही वजह है कि मोदी विरोधी राजनीतिक दल यही चाहते रहे है कि पहले तो मोदी सरकार न बने. दूसरे सरकार बन गई तो वह कमजोर हो, ज्यादा दिन न चले। उनके चाहने से कुछ थोडी न होता है, लोकतंत्र में तो वही होता है जो जनता चाहती है। जनता ने चाहा विपक्ष दलों को सत्ता नहीं सौंपनी है तो जनता ने उन्हं सत्ता नहीं सौंपी, जनता ने चाहा कि मोदी को एक मौका और देना चाहिए तो जनता ने मोदी को एक मौका और दे दिया है ताकि मोदी वह काम कर सकें जो उन्होंने करने का वादा किया है। 9 जून को नरेंद्र मोदी व मंत्रियों ने पद की शपथ ली तो इसके बाद सारे विपक्षी नेता यही सोच रहे थे कि मोदी के मंत्रियों ने तो शपथ ले ही यह कोई मुश्किल काम थोडी ने है, मुश्किल तो मंत्रियों को विभाग बंटवारे में आएगी। जब तक बंटवारा नहीं हुआ था यही चर्चा की जाती रही कि मोदी को इस बार नीतीश व नायडू के सामने झुकना पड़ेगा, वह जितने विभाग मांगेंगे, जैसे विभाग मांगेंगे देना पड़ेगा। अन्य दल भी भाजपा को समर्थन देने की कीमत चाहंगे। यहां पर भी विपक्षी दलों के नेताोओं क सारे अनुमान गलत साबित हुए। पीएम मोदी ने आसानी से सभी मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया है। सभी विभागों का बंटवारा सोच समझ कर किया गया है। यह पहले से तय कर लिया गया था कि जो विभाग पहले भाजपा के पास रहे हैं, उनमें से ज्यादातर भाजपा के पास रहेंगे। ताकि भाजपा पांच साल में अपना एजेडा चला सके। वह सब काम कर सके जिसे करने का वादा उसने अपने घोषणापत्र में किया है। विभागों के बंटवारे के बाद किसी दल ने कोई बडी शिकायत नहीं की है। एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल ने जरूर राज्यमंत्री बनने से इंकार कर दिया है लेकिन मोदी सरकार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया है। भाजपा ने एनसीपी को एक राज्यमंत्री देने को सोचा था, एनसीपी ने मना कर दिया तो भाजपा ने कोई खुशामद नहीं की। शिंदे गुट भी ज्यादा मंत्री चाहता था लेकिन उसे भी एक राज्यमंत्री दिया गया है। दोनों फिलहाल चुप हैं क्योंकि दोनों महाराष्ट्र सरकार में शामिल हैं।आने कुछ महीनों में महाराष्ट्र में चुनाव हैं, वह नहीं चाहते हैं कि इस दौरान वह सत्ता से बाहर जाएं। वह चुनाव के पहले सत्ता में रहने में फायदा देख रहे हैं इसलिए अगले कुछ महीने तो इन दोनों से कोई खतरा नहीं है। उन दोनों के सरकार से बाहर जाने से भी मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं होगा। क्योंकि उसके बाद बहुमत से तीस मत ज्यादा हैं। नीतीश व नायडू के जाने से जरूर सरकार को खतरा हो सकताहै लेकिनि वह दोनों राज्य में अपनी स्थिति तब ही मजबूत कर सकते हैं जब वह सरकार में रहे। आंध्र व बिहार दोनों को राज्य के विकास के लिए पैसा चाहिए। यह पैसा केंद् से मिल सकता है, इसलिए भी दोनों कुछ महीने या अगले चुनाव तक तो मोदी का साथ छोड़ने वाले नहीं हैं। भाजपा जानती है कि चाहे शिंदे हो या अजीत पवार हो, उनके लिए वापस लौटना मुश्किल हैं, वह लौटेंगे तो उनकी स्थिति आज जैसी है,वैसी तो पार्टी में नहीं रहेगी। पवार व उध्दव के पास एक पूरी पार्टी आई तो वह शिंदे व अजीत के साथ वही करेंगे तो इन दोनों ने उनका साथ किया है। शिवसेना व एनसीपी के टूटने से भाजपा और कांग्रेस को फायदा हुआ है। भाजपा को यह फायदा हुआ कि उसकी जितनी बुरी हार होनी थी, उनती बुरा हार नहं हुई है।शिवसेना व एनसीपी के टूटने का सबसे ज्यादा फायदा कांग्रेस को हुआ है। वह वह विधानसभा चुनाव में इस बात का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। इसलिए वह तो चाहेगी कि शिवसना व एनसीपी आज जितने कमजोर है, आगे भी उतने गी कमजोर रहे। कुल मिलाकर पीएम मोदी की सरकार बन गई है और उसने काम भी शुरु कर दिया है। विपक्ष के पास अब यह कहने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है कि यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी। वह कहते रहेंगे और सरकार चलती रहेगी। क्योंकि मोदी मजबूत नेता है, उनकी सरकार मजबूत सरकार है। नीतीश व नायडू जब तक हैं सरकार को कोई खतरा नहीं है।

विशेष लेख

# विष्णु देव साय सरकार के छह माह,सुशासन के ट्रैक पर विकास ने फिर पकड़ी रफ्तार



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन के ट्रैक पर छत्तीसगढ़ ने फिर से विकास की रफ्तार पकड़ ली है। बीते छह माह पर नजर डाले तो साय सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए बहुत कम समय में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए वर्ष 2047 तक विकसित-छत्तीसगढ़ का निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के लोगों को गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि के लिए सुशासन की स्थापना की जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अलग सुशासन और अभिसरण विभाग का गठन किया है। यह विभाग कल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए काम कर रहा है। सभी विभागों को सुशासन के लिए अधिक से अधिक आईटी का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर 2023, सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। साय सरकार ने आवासहीन और जरूरतमंद 18 लाख परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, 13 लाख से अधिक किसानों को धान की बोनस राशि, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना में 70 लाख से अधिक गरीब परिवारों की महिलाओं को हर माह एक-एक हजार रूपए देने जैसे अनेक निणर्यो पर क्रियान्वयन किया है। राज्य के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवाद उन्मूलन के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियद नेल्लानार योजना शुरू की गई है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन योजना, उद्यम क्रांति योजना जैसी कई अभिनव योजनाओं की शुरूआत हुई है। लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) की सम्मान निधि फिर से शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 13 जून से सभी विभागों में प्रशासनिक कसावट लाने के लिए समीक्षा बैठक लेने का सिलसिला शुरू कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जन कल्याणकारी कार्यक्रम का क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता रखें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि आम नागरिकों की दिक्कतें दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें। लोकसभा निर्वाचन के बाद अब शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार तेजी से काम कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना जैसी अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन पर तैयारी शुरू कर दी गई है। राजस्व प्रशासन को भी मजबूत किया जा रहा है। भूमि संबंधी विवादों और दिक्कतों को दूर करने के लिए भू-नक्शों की जियो रिफरेसिंग पर भी रणनीति तैयार कर ली गई है।

**18 लाख आवास स्वीकृत**-मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति दे दी। इसके लिए 12 हजार 168 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

**13 लाख किसानों को धान का बोनस**- मोदी जी ने प्रदेश के किसानों को गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर राज्य के किसानों को 2 साल का बकाया धान बोनस देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस अंतरित कर इस गारंटी को भी पूरा किया है।

**3100 रूपए में धान की खरीदी**- साय सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने की गारंटी को पूरा करते हुए 32 हजार करोड़ रुपए के समर्थन मूल्य की राशि का तत्काल भुगतान किसानों को किया और फिर 12 जनवरी को 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की है। इस साल खरीफ सीजन में राज्य में 145 लाख मीटिरक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है।

**70 लाख महिलाओं का वंदन** - महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में राशि अंतरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की वर्चुअल उपस्थिति में 10 मार्च 2024 को हुआ। इस योजना के अंतर्गत राज्य की पात्र महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। योजना का लाभ 70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। अब तक इस योजना की चार माह की राशि जारी की जा चुकी है। पिछली सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट का काम छीन लिया था। छत्तीसगढ़ सरकार ने अब फिर से उन्हें यह काम सौंप दिया है।

**श्री रामलला दर्शन योजना**- छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या में विराजमान श्री रामलला के दर्शन हेतु निःशुल्क आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना संचालित की जा रही है। शासकीय व्यय में अब तक हजारों दर्शनार्थी श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या भेजे जा चुके हैं।

**तेन्दूपत्ता संग्रहण दर अब 5500 रूपए**- राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। चालू तेंदूपत्ता सीजन से ही 12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को योजना का लाभ मिल रहा है। संग्राहकों के लिए राज्य सरकार द्वारा चरण पादुका योजना भी शुरू की जाएगी, साथ ही उन्हें बोनस का लाभ भी दिया जाएगा।

**भर्ती में युवाओं को पांच वर्ष की छूट**- युवाओं की बेहतरी के लिए राज्य सरकार ने अहम निर्णय लेते हुए पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट का निर्णय लिया है। अभ्यर्थियों को 31 दिसंबर 2028 तक आयु सीमा में 05 वर्ष छूट का लाभ मिलेगा।

**यूपीएससी की तर्ज पर होगी पीएससी**- यूपीएससी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन श्री प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता में आयोग का गठन कर दिया गया है। पीएससी की घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है।

**पांच शक्तिपीठों का होगा विकास**- राज्य की 5 शक्तिपीठों के विकास के लिए बजट में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। शक्तिपीठों के विकास के लिए चारधाम की तर्ज पर 1000 किलोमीटर की परियोजना शुरू की जाएगी। ग्रामीण घरों को नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**युवाओं के लिए उद्यम क्रांति योजना**- राज्य में युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्यम क्रांति योजना शुरू करते हुए बजट प्रावधान भी कर दिया है। इस योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है।

**अधोसंरचना और कनेक्टीविटी पर जोर**- राज्य में सड़क, रेल और हवाई यातायात की सुविधाओं के विस्तार का काम भी शुरू हो चुका है। बिलासपुर और जगदलपुर से नयी उड़ानें शुरू हो चुकी हैं। जशपुर और बलरामपुर हवाई पट्टी के विस्तार के लिए बजट में प्रावधान कर दिया गया है। अंबिकापुर और जगदलपुर हवाई अड्डों में भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

**गरीबों के लिए मुफ्त राशन**- छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय लिया है। इसके लिए बजट में 34 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए भी बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है।

**राजिम कुम्भ कल्प की पुनः शुरूआत**- राज्य की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए राजिम मेले का आयोजन पुनः उसके व्यापक स्वरूप में राजिम कुंभ कल्प के रूप में शुरू कर दिया गया है। बस्तर में प्राचीन काल से चले आ रहे अनेक ऐतिहासिक मेलों को भी शासकीय संरक्षण और सहायता दी जा रही है।

**रायपुर में आईटी हब बनाने का काम शुरू**- रायपुर को आईटी हब बनाने का काम शुरू हो गया है। हाल ही में 2 आईटी कंपनियों के साथ एमओयू हुआ है, उन्हें फर्नीस्ड बिल्डअप एरिया भी उपलब्ध करा दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार नवा रायपुर को बेंगलुरू की तर्ज पर आईटी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

**शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना**- राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है। राज्य के दो बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर और छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर (सिम्स) में भवन के विस्तार और सुविधाओं के विकास का काम शुरू कर दिया गया है।

**आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थान**- राज्य में उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का निर्णय लिया है। आईआईटी की तर्ज पर राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन की स्थापना की जाएगी।

**राज्य-राजधानी क्षेत्र का विकास (एससीआर)**- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विकास योजना की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के विकास के लिए विस्तृत योजना बनाने का प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**-राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोरबा-बिलासपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजित करने के लिए बजट में पांच करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। खनिजों के परिवहन में पारदर्शिता के लिए खनिज परिवहन हेतु ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास जारी करने की व्यवस्था पुनः प्रारंभ की गई है। इससे राज्य को मिलने वाले राजस्व में वृद्धि होगी।

**आर्थिक सलाहकार परिषद** - छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं से परामर्श करने तथा देश और दुनिया में चल रहे बेस्ट प्रैक्टिस को राज्य की परिस्थिति के अनुरूप लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन करने का निर्णय लिया गया है।



व्यंग्य

## यह कैसी सीनाजोरी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के बीच बाइक का चोरी होना लॉटरी लगने से कम थोड़ी न है। चोरी न होती तो उसकी आवभगत के लिए आए दिन पेट्रोल का चढ़ावा चढ़ाना पड़ता। कुछ चीजें खरीदने तक सवारी करने योग्य रहती हैं। बाद में पता ही नहीं चलता कि वह हम पर सवारी कर रही हैं या हम उन पर। आज को बाइक चोरी हुए आठ साल बीत गए। उम्मीद और शीशा कभी भी टूट सकता है। न जाने हम किस कांक्रिट के बने थे कि पिछले आठ साल से उसी के बारे में सोचते रहते। वह क्या है न कि कमाकर खरीदी गई ईंट फोकट के ताजमहल से कहीं अधिक कीमती होती है। धुंधली ही सही उसकी याद बनी रही। मानो यह घटना मस्तिष्क पटल पर पेंसिल से नहीं सीडी मार्कर से लिख दी गई हो। जो मिटने का नाम ही नहीं ले रही थी। फिर एक दिन बिन जड़ के पेड़ और बिन हाथों के ताली बजाने वाली खबर आई। डाकिया गुम हुई बाइक का एक चालान थमा गया। यह चालान ठीक वैसा ही था जैसे खाए कोई स्वाद बताए कोई। फिर भी एक बात की दाद देनी पड़ेगी कि आठ साल में केवल एक चालान! हो न हो चलाने वाले का हाथ एकदम साफ है। समझ नहीं आ रहा था कि चलाने वाले की तारीफ करूँ या जाकर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराऊँ। कुछ देर सोचा और पहुंच गया पुलिस थाने चालान लेकर। चालान देखकर पुलिस भौंचक्का रह गई। उन्होंने चीजों को लूटते, चोरी होते या फिर गायब होते हुए देखा है। मिलते हुए बहुत कम बार देखा है। बाइक चुराने वाले को पुलिस थाने में बुलाया गया। वैसे थाने में किसी को बुलाया नहीं जाता बल्कि पकड़कर या घसीटकर लाया जाता है। चूंकि चुराने वाला पुलिस वाला ही था, सो उसे बाइक के साथ बुलाया गया। थाने की चारदीवारी में अपनी बाइक को देख खुशी का ठिकाना न रहा। सोचा आज अपने साथ ले जाऊँगा। तभी जैसे लगा कि बाइक मुझसे कुछ कहना चाहती है। मैं ह्यहम दिल दे चुके सनमह्ण फिल्म के अजय देवगन की तरह ऐश्वर्या रूपी बाइक की बातें सुनने लगा। वह कहती रही झ्र जानते भी हो पेट्रोल की कीमत क्या है! क्या इतना महंगा पेट्रोल मुझ पर खर्च सकते हो? मैं उस पुलिस वाले के साथ बहुत खुश हूँ। उसके एक महीने की ऊपरी कमाई तुम्हारे साल भर की कमाई से कहीं अधिक है। उसके रौब से ही पेट्रोल बंक वाले मेरी टंकी भर देते हैं। हर समय मुझे चमकाने के लिए कोई न कोई तैयार रहता है। वह मुझे किसी चीज की कमी नहीं होने देता। यदि तुम मुझसे सच्चा प्यार करते हो तो मुझे अपने साथ ले जाने की बजाय उस पुलिस वाले को ही सौंप दोगे। यह सुन मैं एक क्षण के लिए अवाक रह गया। लेकिन दूसरे ही क्षण थानेदार के पास पहुँचा और अपना केस वापस ले लिया। मैंने चोर पुलिस वाले से इतना भर कहा कि कोई भी चीज हैसियत वाले के पास ही होनी चाहिए। यह बाइक आपके पास ही चमचमा सकती है। बस मेरी आपसे इतनी सी विनती है कि इस पर फिर कभी चालान का बदचलन दाग न लगे। वैसे मैं उसका उतना ख्याल नहीं रख पाऊँगा जितना आप रख सकते हो। पुलिस वाला खुशी-खुशी बाइक लेकर चला गया। उस दिन मुझे एक बात और समझ में आई कि सभी फिल्में सभी लोग नहीं देखते। नहीं तो उसे सलमान खान बनने में देर नहीं लगती और न ही हम ह्यबाइकह्ण दे चुके सनम! कहलाते।

बजट

किशन सनमुखदास भावनानी

# भारतीय पूर्ण बजट जुलाई 2024-महिलाओं,किसानों व युवाओं पर हो सकता है फोकस



वैश्विक स्तरपर दुनियां की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले व सबसे बड़े लोकतंत्र में विशाल चुनावी महापर्व का समापन होने, केंद्र सरकार बनने और मंत्रालयों का बंटवारा होकर चार्ज संभालने का काम करीब पूर्ण हो चुका है, व 18वीं लोकसभा का पहला 10 दिवसीय सत्र 24 जून से 3 जुलाई 2024 को होने की घोषणा संसदीय कायर्मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कर दी है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ,अभिपुष्टि अध्यक्ष का चुनाव भारत के राष्ट्रपति का अभिभाषण व उसपर चर्चा होगी तथा राज्यसभा का 264 वां सत्र भी 27 जून से 3 जुलाई तक होगा। इस बीच माननीय वित्तमंत्री ने 12 जून 2024 को वित्त मंत्रालय जाकर अपना कायर्भार संभाला है, अब भारत ही नहीं पूरे विश्व की नजरें भारतीय पूर्ण बजट जुलाई2024 पर लग गई है। बता दें माननीय वित्तमंत्री इससे पहले पांच पूर्ण बजट व एक अंतरिम बजट यानी कुल 6 बजट पेश कर चुकी है।अब जुलाई 2024 का यह सातवां बजट व सातवां पूर्ण बजट होगा,इसीके साथ ही वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई का लगातार 6 बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड तोड़ देगी, क्योंकि वह सातवां बजट पेश करने जा रही है जिसकी उन्हें बहुत-बहुत बधाईयां।चूंकि मंत्रालय कापदभार संभालने के साथ ही बजट की सुब सुबाहट तेज हो गई है, इसलिए मेरा ध्यान भी इस ओर गया और मैं पूर्ण बजट जुलाई 2024 पर आलेख व रिपोर्ट लिखने का निर्णय लेकर जानकारी जुटानाप्रारंभ किया और मंथन किया चुनाव में किए गए वादों, घोषणा पत्र के वादों, चुनावी सभा में उठाए गए मुद्दों व पीएम के सपने भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है व विजन 2047 को दिशा देना है तो इसकी जोरदार शुरुआत का आगाज पूर्ण बजट जुलाई 2024 से ही करना समय की मांग है। बता दें कि संसद के इस सत्र के बाद संभवतः 22 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक बजट सत्र का आयोजन हो सकता है ऐसा मेरा मानना है, यानें विश्वास है, परंतु सटीकता नहीं है तारीखों में हेरफेर हो सकती है।मेरा मानना है कि इस पूर्ण बजट में महिलाओं किसानों व युवाओं पर फोकस हो सकता है, स्टार्टअप विभाग अतिरिक्त राशि की मांग कर सकते हैं, मध्यवर्गीय वर्ग पर टैक्स छूट की राशि बढ़ाने व उद्योग नीति में बदलाव की संभावनाएं की जा सकती है ताकि अनेक देशों के साथ जो फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की वार्ताएं चल रही है उसमें सकारात्मक रूख आए।चूंकि भारतीय हैट्रिक सरकार एट द रेट ऑफ 3.0 अपने फार्म में आ चुकी है, अब पूरे विश्व की निगाहें भारतीय पूर्ण बजट जुलाई 2024 पर टिकी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने व विजन 2047 को दिशा देने, जुलाई 2024 बजट में इसकी झलक दिखनां समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम बजट जुलाई 2024 में महिलाओं किसानों व युवाओं पर फोकस की करें तो,उम्मीद है कि पीएम के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बजट में इसी से मिली-जुली घोषणाएं कर सकती हैं। हालांकि इकोनॉमी की रफ्तार को लेकर सरकार अपने कदम पीछे खींचने के मूड में बिल्कुल भी नजर नहीं आ रही है और चुनाव नतीजों के बाद देश को संबोधित करते हुए उनके भाषण में क भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जिक्र भी शामिल रहा। हालांकि, इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस बार के पूर्ण बजट में महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए सरकार कुछ नए और बड़े ऐलान कर सकती है। हालांकि, कांग्रेस के घोषणापत्र में जो ऐलान किए गए थे,तो हैट्रिक सरकार भी पहले से ही गरीबों और महिलाओं के लिए कुछ खास योजनाएं संचालित कर रही हैं।इनमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना शामिल है, जिसके तहत देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। वहीं बात करें 1 फरवरी 2024 को संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट में हुए बड़े ऐलानों की, तो हैट्रिक सरकार ने हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा किया था और इस पर आगे बढ़ते हुए चुनाव से पहले ही पीएम सूर्यघर योजना को लॉन्च कर दिया था। इसके अलावा अंतरिम बजट में और भी कई ऐलान किए गए थे।

साथियों बात अगर हम अंतिम बजट में किए गए एलानो व आगे की रणनीति की करें तो,अंतरिम बजट में किए गए बड़े ऐलान, पीएम आवास के तहत तीन करोड़ घर बनाए गए, अगले पांच साल में ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ और घर बनाए जाएंगे।सर्वाइकल कैंसर के लिए टीकाकरण को बढ़ावा दिया जाएगा,9-14 साल के बच्चियों को मुफ्त टीकालगाया जाएगा।अब तक 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया है। इस लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। पीएम गति शक्ति के तहत 3 नए कॉरिडोर बनाए जाएंगे, अगले 10 साल में एयरपोर्ट की संख्या 149 तक हो गई है। वंदे भारत की 40 हजार बोगियां अपग्रेड होंगी। मेट्रो और नमो भारत को अन्य शहरों से जोड़ा जाएगा। अब जबकि लोकसभा चुनाव के रिजल्टस उम्मीद के मुताबिक नहीं आए हैं, तो फिर पूर्ण बजट खासा लोकलुभावन होने की उम्मीद जताई जा रही है, इनमें आम आदमी को टैक्स पर राहत, किसानों के लिए खास ऐलान किए जा सकते हैं. इसके अलावा पीएम उज्ज्वला योजना के जैसी अन्य किसी योजना की घोषणा भी की जा सकती है।हालांकि,इन सबके साथ ही हैट्रिक सरकार इकोनॉमी की रफ्तार को बनाए रखने के लिए इंफ्रास्ट्रक्टर और मैन्युफैक्करिंग सेक्टर पर अपना फोकस बनाए रख सकती है। दरअसल, ऐसा इसलिए भी है क्योंकि चुनाव में जाने पर पहले इंडिया गठबंधन ने सौगातों की बौछार करते हुए देश की जनता से तमाम बड़े वादे किए थे और उदाहरण के तौर पर इनमें महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने का वादा भी किया गया था।लेकिन इस तरह के वादों का असर भी चुनाव नतीजों पर देखने को मिला और इंडिया गठबंधन ने 234 सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया। पीएम के नेतृत्व में बनी हैट्रिक सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले पूर्ण बजट जुलाई 2024-25 में अब चूंकि गठबंधन की सरकार बनी है तो, पूर्ण बजट में इसका असर साफ तौर पर देखने को नहीं मिलेगा। क्योंकि पीएम ने कहा था कि तीसरी बार जब उनकी सरकार चुनकर आएगी, तो प्राथमिकता अर्थव्यवस्था पर होगी।

साथियों बात अगर हम पूर्ण बजट जुलाई 2024 में कुछ हटकर देखने की संभावना की करें तो, जुलाई में पेश होने वाले बजट में सरकार आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा तैयार करेगा। वहीं सरकार स्टार्टअप, टैक्सेशन, जीएसटी दरों को भी तर्कसंगत बनाने के लिए कार्य करेगा। संघीय बजट 2024 बनाते समय सरकार कई महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखेगी। सबसे पहले, अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए सरकार का ध्यान रोजगार सृजन पर होगा। कोविड-19 महामारी के बाद से कई लोग बेरोजगार हो गए हैं, इसलिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना बहुत जरूरी है। इसके लिए सरकार को छोटे और मझोले उद्योगों को समर्थन देना होगा, क्योंकि ये उद्योग सबसे ज्यादा रोजगार देते हैं। संघीय बजट 2024 में सरकार का ध्यान रोजगार सृजन, महंगाई पर नियंत्रण, स्वास्थ्य और शिक्षा सुधार, कृषि क्षेत्र में विकास और बुनियादी ढांचे के विकास पर रहेगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा।इन्फ्रास्ट्रक्कर यानी बुनियादी ढांचे का विकास भी महत्वपूर्ण होगा। सरकार सड़कों, पुलों, और रेल नेटवर्क के निर्माण पर ज्यादा खर्च कर सकती है।इससे न केवल परिवहन सुविधाएं बेहतर होंगी बल्कि रोजगार के नएअवसर भी पैदा होंगे।सरकार रियल एस्टेट सेक्टर को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण बातों पर विचार करेगी। सबसे पहले, यह क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है और लाखों लोगों को रोजगार देता है। इसलिए, इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार कुछ खास कदम उठा सकती है।हैट्रिकसरकार महंगाई पर नियंत्रण करने के लिए भी कदम उठाएगी। महंगाई बढ़ने से आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ता है। ऐसे में सरकार खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए कदम उठा सकती है। इससे आम लोगों को राहत मिलेगी। हेल्थ सेक्टर पर भी सरकार का खास ध्यान होगा। कोविड-19 ने स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को उजागर किया है। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश बढ़ाकर अस्पतालों, दवाओं और टीकाकरण पर ज्यादा खर्च कर सकती है। एजुकेशन सेक्टर में सुधार भी महत्वपूर्ण है। सरकार शिक्षा के बजट को बढ़ा सकती है ताकि सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए जा सकते हैं, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों के बच्चे भी ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त कर सकें। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार एग्रीकल्चर सेक्टर में सुधार कर सकती है। फसलों के उचित दाम, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और कर्ज माफी जैसी योजनाओं पर ध्यान दिया जा सकता है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय हैट्रिक सरकार @3.0 -पूर्ण बजट जुलाई 2024 पर विश्व की निगाहें।भारतीय पूर्ण बजट जुलाई 2024-महिलाओं किसानों व युवाओं पर हो सकता है फोकस।पूर्ण बजट जुलाई 2024 में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने व विजन 2047 को दिशा देने की झलक दिखने की संभावना है।

## एक नजर

### खेल पुरस्कार के लिए 30 जून तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 13 जून।** शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि, डाईट मनी वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु आवेदन 30 जून 2024 तक मंगाये गये है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं।प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 (01 अप्रैल से 31 मार्च तक 02 वर्ष का) में जिन खिलाड़ियों ने सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया है वे खिलाड़ी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जिला-रायगढ़ से आवेदन फार्म प्राप्त कर 30 जून 2024 तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जी.ई. रोड रायपुर में अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। पुरस्कार हेतु आवेदन वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए आमंत्रित किया गया है, अतः खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को प्रत्येक वर्ष हेतु पृथक-पृथक आवेदन करना होगा। उपरोक्त विभिन्न पुरस्कार एवं ट्रॉफी हेतु आवेदन विभागीय वेबसाईट http://sportsyw.cg.gov.in पर उपलब्ध है एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जिला-रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

### पशु चिकित्सा विभाग में भर्ती प्रक्रिया को लेकर संयुक्त जांच दल गठित

**रायगढ़, 13 जून।** कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं रायगढ़ में चतुर्थ श्रेणी आकस्मिक निधि स्वच्छकर्ता/परिचारक सह चौकीदार के पद पर वर्ष 2012 में संपादित भर्ती प्रक्रिया में महिला/विकलांग आरक्षण का पालन नहीं होने तथा अन्य अनियमितताओं की शिकायत हेतु संयुक्त जांच दल का गठन किया गया है। कार्यालय कलेक्टर, जिला रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त जांच दल द्वारा सर्व संबंधित को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए जांच कार्यवाही की जा रही है, यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई महत्वपूर्ण जानकारी हो या कोई साक्ष्य/दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहें तो कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 21 में कार्यालयीन समयावधि में 28 जून 2024 को प्रस्तुत कर सकते है।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**रायगढ़, 13 जून।** जिले के नदियों-नालों, छोटी नदियों और उनकी सहायक नदियों जिन पर सिंचाई के लिए तालाब या जलाशय (बड़े या छोटे)निर्मित किये गये हैं, ऐसे सभी जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में मत्स्याखेट करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास या 10 हजार रूपये जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।सहायक संचालक मछली पालन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि(प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए उन्हे संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम की धारा के तहत 16 जून 2024 से 15 अगस्त 2024 तक बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यह नियम केवल छोटे तालाब या जल स्त्रोत, जिनका कोई संबंध किसी नदी से नाले से नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### पदम पुरस्कार के लिए मंगाए गए 18 जून तक ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़, 13 जून।** भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत 'पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री' पुरस्कार 2025 के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य/पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव 18 जून 2024 तक ऑनलाईन https://padmaawards.gov.in के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए है। उप संचालक समाज कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जैसे-कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, विज्ञान और इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/ सेवा के लिए प्रदाय किया जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी जाति/व्यवसाय हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।इन पुरस्कारों से संबंधित विधान नियमावली वेबसाईट https://padmaawards.gov.in पर उपलब्ध है। अतः जिले के निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप योग्य/पात्र व्यक्ति ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र 18 जून 2024 तक प्रेषित करते हुए इसकी एक प्रति जिला कार्यालय, समाज कल्याण विभाग, जिला-रायगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है।

### जिला एवं तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**रायगढ़, 13 जून।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आगामी मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में जिला एवं तहसील मुख्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 42 में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा राहत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07762-223750 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, बाढ़ आपदा राहत शाखा श्रीमती रेखा चन्द्रा मोबा.नं.97528-06153 को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# शिक्षा में कसावट लाने डीईओ ने ली संकुल प्राचार्यों व संकुल समन्वयकों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,13 जून।** शिक्षा में कसावट लाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत ने सहायक जिला सांख्यकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर,विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा की उपस्थिति में विकासखंड फिंगेश्वर के संकुल प्राचार्यो एवं समन्वयकों की बैठक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में ली।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने शिक्षा कहा कि शिक्षा सत्र 18 जून से शुरू होने वाली है अतःसभी संस्था प्रमुख 18 जून से पूर्व अपनी शालाओं की साफ सफाई अनिवार्य रूप से करा लेवें. शाला खुलने से पहले शाला विकास समिति की आवश्यक बैठक लेते हुए विद्यालय में आवश्यक सामग्री जैसे फर्नीचर,डस्टर,चाक, टाटपट्टी आदि व्यवस्थित कर लेवें.सभी प्रधान पाठक मध्यान भोजन हेतु चावल,दाल की साफ सफाई करा लेंवें.सभी शिक्षक शाला में नियत समय तक उपस्थिति प्रदान करें. संकुल समन्वयक को स्पष्ट निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होनी चाहिए. आप लोग सतत मानिटरिंग कर उच्च कार्यालय से प्राप्त आदेशों एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की बात कही.शाला प्रवेशोत्सव हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि को अनिवार्य से आमंत्रित करें साथ साथ न्योता भोजन हेतु पालक एवं जनप्रतिनिधि को प्रेरित करें. जिन विद्यालय में पुस्तक की कमी हो उन्हें अन्य विद्यालय, संकुल केंद्र एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर पुस्तक की व्यवस्था कर लेवें.

वही सी.जी. स्कूल पोर्टल में जिन स्कूल के शिक्षकों की प्रविष्टि नहीं हुआ हो वे अविलंब पूर्ण कर लेवे.शाला प्रवेशोत्सव के दिन विद्यालय परिसर में कम से कम पांच पौधे अवश्य लगावे.सहायक जिला सांख्यिकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर ने कहा कि आप सभी शाला में रंगरोगन कर शाला परिसर व शौचालय,मूत्रालय की नियमित सफाई करावें। वही जाति प्रमाण पत्र,शाला मॉनिटरिंग की संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनना चाहिए जिससे कोई भी बच्चे छात्रवृत्ति से वंचित न हो। यू डाइस पोर्टल को पहले ऑफलाइन भरे तत्पश्चात उसे अच्छे से अवलोकन कर ऑनलाइन प्रविष्ट करे.इस अवसर पर प्राचार्य एस. एस. कंवर,डी के सेवई,पूरन लाल साहू, मुकेश निर्मलकर,निरंजन तिवारी,नारायण ठाकुर,एम एल यदु,नारायण चंद्राकर,खुमान सिंह ध्रुव,संजय एक्का,के डी मानिकपुरी,विद्याभूषण साहू, संकुल समन्वयक भुवन यदु,दिनेश सोनी,चुम्मन सिन्हा,छगन दीवान सुखेन साहू,असीम श्याम हरित,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ,पुराणिक ध्रुव,अनिल सिन्हा,संतोष साहू सिन्हा, लुकेंद्र श्रीवास, आशीष सेन,अशोक सोनवानी अनिल मेघवानी, डीहू रावत, गैंदू राम पटेल सहित ब्लाक ईकाई फिंगेश्वर के संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## भैरमगढ़ एरिया कमेटी जैगुर आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष 1 लाख का ईनामी पायकु तेलम गिरफ्तार

**बीजापुर,13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये



जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान थाना कुटरू की कार्यवाही में भैरमगढ़ एरिया जैगुर आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष 01.00 लाख के ईनामी माओवादी पायकु तेलम को पकड़ने में सफलता मिली । थाना कुटरू के बल द्वारा पेठा से उक्त माओवादी को पकड़ा गया । गिरफ्तारी से बचने के लिये नदी पार रहता था । हत्या, अपहरण, लूट, आगजनी, रोड काटने एवं लेवी वसुली के कार्य में सक्रिय था । उक्त के विरूद्ध थाना कुटरू में 02 स्थाई वारंट लंबित है एवं 10.00 हजार का ईनाम उद्घोषित है ।1. पायकु तेलम पिता आयतु तेलम उम्र 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेठा थाना कुटरू , पदनाम भैरमगढ एरिया कमेटी अन्तर्गत जैगुर आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनाम - 1.00 लाख, वर्ष 2005 से सक्रियपकड़ा गया माओवादी थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 03/02/2022 को मगापेंटा भैसाबाड़ा के पास हाईवा वाहन में आगजनी, दिनांक 31/12/2022 को दरभा निवासी चैतु माड़वी की हत्या, दिनाक 20/06/2023 को पाताकुटरू में सहायक आरक्षक संजय बेंड़जा की हत्या एवं दिनांक 11/03/2024 को तेलीपेंटा निवासी पुसु तेलम का अपहरण कर हत्या करने में शामिल था पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

## आरपीसी बुरजी के डीएकेएमएस उपाध्यक्ष एवं गोरना-मनकेली मिलिशिया सदस्य एवं मूलवासी बचाओं मंच के उपाध्यक्ष का पुलिस समक्ष समर्पण



**बीजापुर, 13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज एवं उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, केरिपु 85वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर निम्नलिखित माओवादियों ने आज दिनांक 12/06/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट, 85वी बटालियन केरिपु श्री व्ही0तुसिंग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऑप्स श्री वैभव बैंकर, द्वितीय कमान अधिकारी 85वी बटालियन केरिपु श्री आर. के. सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर श्री विनित साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया । 1. विच्चेम फरसी ऊर्फ बिज्जू पिता मंगू फरसी उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी कुरूष गायतापारा थाना गंगालूर, पदनाम बुरजी आरपीसी डीएकेएमएस उपाध्यक्ष, वर्ष 2007 से संगठन में सक्रिय 2. संदीप मोड़ियाम पिता चिन्ना मोड़ियाम उम्र 19 वर्ष जाति मुरिया निवासी मनकेली सरपंचपारा थाना बीजापुर, पदनाम - गोरना-मनकेली मिलिशिया सदस्य एवं मूलवासी बचाओ मंच, उपाध्यक्ष, वर्ष 2022 से सक्रिय 01. विच्चेम फरसी ऊफ बिज्जू , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण:-वर्ष 2007 में गंगालूर एरिया कमेटी ग्राम कुरूष में बाल संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ ।वर्ष 2009 में भूमकाल मिलिशिया सदस्य के पद पर संगठन में कार्य दिया गया । वर्ष 2021 में डीएकेएमएस सदस्य के रूप में कार्य दिया गया । वर्ष 2023 में बुरजी आरपीसी में डीएकेएमएस उपाध्यक्ष का कार्य दिया गया ।

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं के सपने हो रहे साकार



**बीजापुर 13 जून।** ये सच है कि पैसों से खुशियों को नहीं खरीदा जा सकता, लेकिन अपने और अपनों को खुश रखने वाली चीजें जरूर खरीदी जा सकती है। खुद को और परिवार के अपनों को खुश रखने वाली ये कहानी है बीजापुर के जैतालूर की रहने वाली पार्वती कोरसा की।पार्वती कोरसा सिलाई का काम करती है। सिलाई से मिलने वाली आय को अपनी बेटी की पढ़ाई-लिखाई और अन्य पारिवारिक खर्चों में उपयोग करती है। हमेशा से उनका सपना रहा हैए कि वह एक इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन खरीदे जिससे कम समय में ज्यादा से ज्यादा कपड़े सिल कर अतिरिक्त पैसे कमा सके। लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से वे कभी अपने सपनों को पूरा करने के बारे में सोच भी नहीं पाती थी। खुश होकर पार्वती कोरसा कहती हैं किए हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना से मेरे सपने अब साकार हो पाएंगे।

इस योजना से मिली चौथे किश्त की राशि का उन्होने अपने लिए साड़ी, चटाई और पोछा डंडी जैसी घरेलु उपयोग के सामान खरीदी है। अब वह पैसा इक्कठा कर अपने नई इलेक्ट्रॉनिक मसीन खरीदने का सोच रही है।

## तिलहन की खेती के लिए ग्राम गुडरूडीह, पिरदा एवं लहंगर के किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



**महासमुंद 13 जून।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केंन्द्र महासमुंद व रिलायंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंन्द्र द्वारा तिलहन फसल की खेती को बढ़ावा देने के लिए चयनित ग्राम गुडरूडीह, पिरदा एवं लहंगर के किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि प्रसार वैज्ञानिक डॉ. रजनी आगशे ने केंद्र के कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दलहन और तिलहन पर हम अन्य राज्यों पर निर्भर है इन फसलों का रकबा हमें बढ़ाना ही होगा तभी हम आत्मनिर्भर हो पायेंगे। सरसों और मूंगफली जैसे तिलहन खाद्य तेलों के उत्पादन के लिये महत्वपूर्ण है इन फसलों की खेती से पानी और लागत में बचत होती है। अन्य फसलों की तुलना में तिलहन आमतौर पर अधिक सूखा प्रतिरोधी होते है। यह उन्हे अर्द्ध शुष्क क्षेत्रों और अनियमित वर्षा की स्थिति में खेती के लिये उपयुक्त बनाता है, जो जलवायु परिवर्तन के कारण आम होता जा रहा है।सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. निर्झरिणी नन्देहा के द्वारा मूंगफली की प्रमुख किस्में, भूमि का चयन, भूमि की तैयारी, बुवाई हेतु बीज तैयार करना, बुवाई का तरीका, बुवाई हेतु नयी मशीन के उपयोग पर चर्चा कर, प्रमुख कीट व बीमारियां आदि की जानकारी दी।

# मलेरियामुक्त रायगढ़ जिला बनाने के लिए हुई समीक्षा बैठक



रायगढ़, 13 जून। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरिया माह जून सह मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी ने विकासखण्डों से आये समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को मच्छर के प्रजाति से लेकर मलेरिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मलेरिया कार्यक्रम की रूपरेखा सन् 1953 से लेकर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम 2004 से अब तक की मलेरिया उन्मूलन हेतु किए गए संपूर्ण भारतवर्ष में मलेरिया प्रकरणों की खोज एवं निदान कार्यों के बारे में बताया ताकि मलेरिया को नियंत्रण के साथ-साथ मलेरिया मुक्त रायगढ़ जिला बनाया जा सके।

जिले के समस्त विकासखण्डों को मलेरिया माह जून के अवसर पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित करने एवं बैनर, पोस्टर एवं अन्य संदेश के माध्यम से निचले स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही रायगढ़ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया माह जून के उपलक्ष्य में वृहद कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में विगत वर्षों के आंकड़ों को मद्देनजर रखा जाए तो पूरे राज्य में मलेरिया प्रकरणों में वृहद कमी देखने को मिली है, साथ ही रायगढ़ जिले में विगत पांच वर्षो से मलेरिया के केश में कमी पायी गयी है। डॉ.कुलवेदी ने सभी को मलेरिया शंकास्पद जांच की ओर विशेष ध्यान देने एवं पाजीटिव केश आने पर तत्काल इलाज कर फालोअप करते हुए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयास एवं जनसामान्य के सहयोग से बहुत जल्द ही रायगढ़ जिला को मलेरिया मुक्त जिले के रूप में घोषित कर सकेंगे। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया, एफएलए प्रीति शर्मा, व्हीबीडीटीएस गौतम प्रसाद सिदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवश्यक दस्तावेज के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर बनवा सकते है आयुष्मान कार्ड

**रायगढ़, 13 जून।** केन्द्र सरकार की आयुष्मान कार्ड योजना कमजोर वर्गो को चिकित्सा सहायता और सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक पहल है। जिसके तहत शासन के निर्देशानुसार सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना (एसईसीसी)अंतर्गत परिवार एवं अंत्योदय व प्राथमिकता के क्रियाशील राशन कार्डधारी परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। योजनान्तर्गत शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ या किसी पंजीकृत चिकित्सालयों में योजना के निर्धारित चिकित्सा पैकेजों के माध्यम से भर्ती होने की स्थिति में प्रतिवर्ष (फैमिली फ्लोटर आधार पर)प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज प्रदाय किए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड के काम को मिशन मोड में एक मुहिम के रूप करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएमएचओ से कहा कि अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले लोगों की स्क्रुटनी कर ऐसे लोगों की पहचान की जा सकती है जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं। जिससे वहीं उनके कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जा सकती है। सीएमएचओ ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 12 जून 2024 तक की स्थिति में कुल 1087479 लक्ष्य में से 886773 (81.5 प्रतिशत)हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर श्री गोयल ने शेष हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिस पर सीएमएचओ ने बताया कि छूटे हुए हितग्राहियों की जनसंख्या का आंकलन करते हुए रूट चार्ट बनाकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड (द्धह्लह्लश्चह्य-//ड्ढद्गठ्ठद्गद्बष्द्बड्डह्म्4.ठ्ठद्धड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ)पंजीयन कराया जाना है। साथ ही हितग्राही स्वयं अपना आयुष्मान कार्ड ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीयन कर सकते है।

### आयुष्मान कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज

जिले के जनसामान्य राशन कार्ड, आधार कार्ड, फोटोयुक्त अन्य कोई भी शासकीय पहचान पत्र एवं मोबाईल नंबर के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या शिविर में उपस्थित होकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं किसी भी प्रकार की सहायता हेतु हेल्प लाईन नंबर 104 में संपर्क कर सकते है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने सुदूर क्षेत्र तर्रेम का किया औचक निरीक्षण

**बीजापुर,13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री



अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बीजापुर जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत तर्रेम सहित उनके अर्न्तगत सुदूर गांवों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यो एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नक्सल आपरेशन श्री वैभव बैंकर भी मौजूद थे।कलेक्टर एवं एसपी ने सिलगेर में निर्माणधीन पुल जो कि पूर्णता स्तर पर है उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस थाना तर्रेम हेतु निर्माणधीन भवन का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत तर्रेम में आयोजित आधार शिविर पहुंचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों को आधार कार्ड की उपयोगिता को समझाया शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत तर्रेम के अलावा छुटवाही, चिन्नागेल्लूर, चिपुरभट्टी, पेद्दागेल्लूर सहित गुण्डम के ग्रामीण महिला, पुरूष, युवा भारी संख्या में उपस्थित थे।शिविर में उपस्थित सचिव, पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर महतारी वंदन योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक अन्य सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देकर योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।बीते दिनों समीप के गांव में बिजली गिरने से हुई पशुओं की क्षति का प्रकरण जल्द तैयार करने के निर्देश मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। राजस्व अधिकारियों द्वारा मुआवजा हेतु दस्तावेज प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई।कलेक्टर ने ग्रामणों को बताया कि क्षतिपूर्ति की राशि प्रत्येक जानवर के लिए अलग-अलग निर्धारित है बैल के लिए 32 हजार रूपए, गाय एंव भैंस के लिए 37500 रूपए, बकरी के लिए 4 हजार एवं बछड़ा के लिए 20 हजार रूपए शासन द्वारा निर्धारित की गई है।

### महिलायें हर रोज हो रही बदसलूकी का शिकार

# प्रशासन ने मिलकर कसी थी कमर पर बस स्टैंड की अव्यवस्था पर नही हुआ असर



**पत्थलगांव, 13 जून।** जिला प्रशासन की तमाम कोशिशो के बाद भी शहर के बस स्टैन्ड की अव्यवस्था दूर नही हो पायी। 70 फीसदी जगह पर अतिक्रमण रहने के कारण बसो को ठीक से खडे होने की जगह भी नही मिल पा रही है,ऐसे मे बस स्टैन्ड के भितर से गुजरना बिल्कुल मुश्किल हो गया है। शहर का एक बडा बाजार बस स्टैन्ड के अंदर रहने के कारण घरेलू सामान खरीदने अक्सर महिलायें भी बस स्टैन्ड पहुंचती है,हर रोज यहा आने वाली महिलाओ के साथ बदस्लूकी हो रही है। बस स्टैन्ड के बीच मे बेतरतीब ढंग से खडी बसो के कारण मोटरसायकल स्कूटी का निकलना ना मुमकिन हो जाता है,ऐसी स्थिती मे महिलायें जब बेतरतीब खडी बसो का विरोध करती है तो उनके संचालक महिलाओ के साथ बदस्लूकी करते है,इन दिनो बस स्टैन्ड के भितर भारी अव्यवस्था बनी हुयी है। नगर पंचायत की दुकानो के सामने अतिक्रमण रहने के कारण बसो को बस स्टैन्ड के भितर ठीक से खडे होने की जगह नही मिल पा रही,जिसके कारण बसे यहा वहा खडे होकर व्यवस्था बिगाडने का काम कर रही है,बस स्टैन्ड की अव्यवस्था को देखकर जिला पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बस संचालक,ऑटो चालक एवं बस स्टैन्ड के दुकानदारो की पिछले दिनो बैठक लेकर उन्हे व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये थे,परंतु अब तक बस स्टैन्ड की अव्यवस्था दूर नही हो पायी है,बल्कि हर रोज यहा विवाद की स्थिती उत्पन्न हो रही है। आज बस स्टैन्ड मे बेतरतीब खडी बसो के कारण स्कूटी सवार दो महिलाओ को निकलने मे काफी दिक्कत हुयी,जिसके बाद उन्होने एक बस के चालक को बस आगे बढाकर साईड मे लगाने की बात कही,चालक स्कूटी सवार महिलाओ पर भडक गया। उसका कहना था कि बस लगाने की उसके पास जगह नही है,महिलाओ द्वारा जब पुलिस के पास शिकायत करने की बात कही तो चालक ने भी जहा शिकायत करना है वहा शिकायत कर दो की बात कहकर महिलाओ के साथ बदस्लूकी करी।।

आबंटन से ज्यादा पर कब्जा-ःबस स्टैन्ड का अधिकांश हिस्सा पिछले पांच दशक से अतिक्रमण की भेंठ चढा हुआ है,कांग्रेस के शासनकाल मे बहुत सी सरकारी जमीन को कब्जेदारो के नाम कर दिया गया,परंतु कब्जेदार अपनी निर्धारित जमीन से कही अधिक पर कब्जा जमाये बैठे है,यही कारण है कि बसो को खडे करने का दायरा दिन प्रतिदिन घटते जा रहा है,नगर पंचायत ने भी बस स्टैन्ड के भितर अपनी दुकाने बनायी हुयी है,इन दुकानो के संचालक भी अपने दायरे से तीन गुना अधिक दुकाने बढाकर व्यापार संचालित कर रहे है,दूसरा कारण यह भी है कि बसो को बस स्टैन्ड के भितर खडे होने की जगह नही मिल पाती।।

**पुलिस प्रशासन की नही चलती सख्ती-**:बस स्टैन्ड की व्यवस्था बनाने मे नगर पंचायत के साथ-साथ पुलिस की भी जिम्मेदारी बनती है,परंतु यहा दोनो ही विभाग की सख्ती काम नही आती। तत्कालिक थाना प्रभारी मोहसिन खान ने सख्त रवैया अपनाते हुये दो वर्ष पूर्व बस स्टैन्ड की काफी बेहतर व्यवस्था बना दी थी,बसो के लिए दायरा निर्धारित कर ठेले गुमटियों को एक साईड लगवाया गया था,उसके अलावा नगर पंचायत के दुकानदारो को भी अपना सामान व्यवस्थित रखने की सख्त हिदायत दे दी थी,जिसके बाद बस स्टैन्ड की व्यवस्था काफी हद तक सुधरी हुयी थी,परंतु अब लंबे समय से बस स्टैन्ड की व्यवस्था अव्यवस्था मे तब्दील हो गयी है।।

**--अस्थायी बस स्टैन्ड बनाने पर भी कार्य किया जा रहा है,पुराने बस स्टैन्ड की बहुत जल्द व्यवस्था मे सुधार किया जायेगा।**

**धुव्रेश जायसवाल-अनुविभागीय अधिकारी पुलिस-पत्थलगांव**

# नेपाल की धरती पर केतन सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य में जीता अवार्ड

**कोरबा, 13 जून।** लर्निंग रीयलम इंटरनेशनल फाउंडेशन एजुकेशन ट्रस्ट व क्लासिक क्लचर सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित क्लासिक इंटरनेशनल क्लासिकल डांस फेस्टिवल एंड अवार्ड सेरेमनी 2024 काठमांडू नेपाल में संपन्न हुआ।

भाजपा किसान मोर्चा कोरबा के जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा चुलेश्वर राठौर व श्रीमती माधुरी सिंह राठौर समाज सेविका व भाजपा नेत्री के सुपुत्र केतन सिंह राठौर को कथक नृत्य में उनके मनमोहक शानदार प्रदर्शन के लिए क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय युवा नर्तक सम्मान से नारायण काजी श्रेष्ठ उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री नेपाल सरकार, महान श्याल्पा रिनपोछे जी बौद्ध धर्म गुरु (तिब्बतन लामा), डॉ प्रो. नीता गहरवार कुलसचिव इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ भारत के द्वारा सम्मानित किया। केतन सिंह राठौर कोरबा जिले हरदी बाजार छिंदपुर के निवासी है तथा वर्तमान में बैचलर आफपरफॉर्मिंग आर्ट्स तृतीय वर्ष इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में अध्यनरत है। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से बैचलर आफटेक्नोलॉजी करने के पश्चात कथक नृत्य के क्षेत्र में अपना कदम रखा और निरंतर गांव व जिले का नाम रोशन कर रहा है। व छत्तीसगढ़ व अन्य प्रांत के साथ-साथ विदेश में भी विभिन्न आयोजनों में अपना नित्य प्रदर्शन किया है। फरवरी माह में आयोजित खजुराहो महोत्सव में कथक वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रतिभागी बनने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ था। नेपाल के धरती पर इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में विशेष रूप से शिवराज पंत फाउंडर एंड चेयरमैनएल.आर.आई. एजुकेशन ट्रस्ट काठमांडू नेपाल, स्वजन रघुवंशी फाउंडर क्लासिक कल्चर सेंटर काठमांडू नेपाल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिवाली सिंह बैस, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शेख मेदिनी होम्बल इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ भारत आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### 32 पौवा शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा-नेवरा, 13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में 12 जून को थाना तिल्दानेवरा को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत एक व्यक्ति अवैध रूप से एक सफेद रंग की थैला में शराब बिक्री करने हेतु जा रहा है, सूचना तस्दीक रवाना हुआ नेवरा शराब दुकान के पास में एक व्यक्ति में एक सफेद रंग की थैला में कुछ सामान रखा हुआ मिला जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पुछने पर अपना नाम सूरज सेन पिता रामकुमार सेन 32 साल वार्ड क्रमांक 6 नेवरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छ.ग.का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक सफेद रंग थैला में रखे 32 पौव्वा देशी मदिरा मशाला प्रत्येक पौवा में 180-180द्व्य शराब भरी हुई कुल मात्रा 5, 760ब्लक लिटर कीमती 3, 520/रू को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र.297/24 धारा-34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपी का नाम सूरज सेन पिता नारायण सेन 32 वर्ष साकिन नेवरा थाना तिल्दा जिला रायपुर है।



### विश्व हिंदू परिषद ने फूंका आतंकवाद का पुतला, रियासी में शहीद हुए श्रद्धालुओं को दी श्रद्धांजलि



**तिल्दा-नेवरा, 13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जम्मू कश्मीर के वैष्णों देवी से रियासी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पर रविवार को आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। हमलें में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। जम्मू कश्मीर में तीर्थयात्रियों पर हुए आतंकी हमले के खिलाफविश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल ने बुधवार तिल्दा नेवरा दीनदयाल उपाध्याय चौक में इस्लामी जिहाद आतंकवाद का पुतला फूंका। बजरंग दल के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद के नेता और कार्यकर्ता भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इससे पहले इन्होंने जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। विश्व हिन्दू परिषद के नेताओं ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि देश की नई सरकार के शपथ ग्रहण के दिन जम्मू कश्मीर के रियासी में तीर्थ यात्रियों पर हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के खिलाफविश्व हिन्दू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल का यह देशव्यापी विरोध प्रदर्शन है।

### एनसीसी कैडेट्स ने नदी तट पर श्रमदान कर सफाई की

**कोरबा, 13 जून।** केएन कॉलेज की एनसीसी इकाई ने शनिवार को विश्व महासागर दिवस मनाया। एनसीसी कैडेट्स ने इस दिवस स्वच्छता अभियान चलाया। हसदेव नदी तट की साफ- सफाई के लिए श्रमदान कर आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। एनसीसी कैडेट्स की टीम में जूनियर अंडर ऑफिसर रेखा प्रधान, सार्जेंट अंजली मिश्रा ने सहभागिता निभाई। यह कार्यक्रम केएन कॉलेज की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अनिता यादव की अगुवाई में चलाया गया। इसके लिए प्रभारी प्राचार्य अजय मिश्रा का मार्गदर्शन रहा।

## एक नजर

### विजय अग्रवाल ने संभाला बलौदाबाजार भाटापारा पुलिस अधीक्षक का पदभार



**बलौदाबाजार, 13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 12 जून को विजय अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का पदभार ग्रहण किया गया। विजय अग्रवाल भारतीय पुलिस सेवा वर्ष-2012 बैच के पुलिस अधिकारी हैं। विजय अग्रवाल पुलिस अधीक्षक अंबिकापुर (सरगुजा) के पद से स्थानांतरण होकर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा आए हैं।

### प्रमुख सचिव ने जिला शिक्षा कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्कूल शिक्षा विभाग प्रमुख सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल के द्वारा आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्रमुख सचिव ने भवन कक्ष, स्थापना कक्ष, बजट कक्ष, वित्त कक्ष व अन्य कक्षो का अवलोकन किया गया। निरीक्षण दौरान के कार्यलयीन सहायक संचालको से योजनाओं से संबंधित जानकारियां लिया गया कार्यालय की साफ-सफाई, पुराने फाईलों को रिकार्ड रूम रखने के निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहायक संचालक के.एस.मेरावी, बी.आर. पटेल, के.के.गुप्ता एवं समस्त कार्यालीन कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### जिले के नये कलेक्टर दीपक सोनी ने संभाला पदभार

**बलौदाबाजार, 13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के नये कलेक्टर दीपक सोनी ने आज पदभार संभाल लिया है। उन्होंने शाम 3 बजे सँयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में में अपना चार्ज लिया। वह जिले में 11 वे कलेक्टर के रूप में नियुक्त हुए। इसके पूर्व वह सूरजपूर, दंतेवाड़ा एवं कोंडागांव के कलेक्टर रह चुके है। इसके साथ ही रायपुर जिला पंचायत सीईओ का कामकाज भी सभांल चुके है। वह वर्तमान में रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, मनरेगा के रूप में कामकाज संभाल चुके है। सोनी 2011 बैच के आईएएस हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दिप्ती गोते सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे, डिप्टी कलेक्टर बी आर ध्रुव, कोषालय अधिकारी घिदौडे, सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।



## नवपदथ कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

# जिला कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के रेनोवेशन कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 जून।** नव पदस्थ कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को पदभार ग्रहण करने के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय भवन में संचालित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के रेनोवेशन कार्य का भी निरीक्षण किया और तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि विगत 10 जून को असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना के कारण कलेक्ट्रेट बिल्डिंग की पुनः साज - सज्जा की जा रही है।अधिकारी - कर्मचारी सहित मजदूरों की 24 घंटे तैनाती की गई है। आगजनी में ज्यादा नुकसान पहुंचने वाले पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विभिन्न शाखाओं तथा आबकारी विभाग में भी अंदरूनी साज -सज्जा के कार्य तेजी से चला रहा है। दस्तावेजों की लिस्टिंग के साथ ही कार्यालयीन कार्य बहाल करने तेजी से काम जारी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक चैंबर का अंदरूनी साज- सज्जा पूरी हो गई है।बिल्डिंग के बाहरी साज -सज्जा के कार्य में तेजी लाने के हेतु लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा स्वयं मौजूद रहकर मॉनिटरिंग की जा रही है। पर्याप्त मानव संसाधन के साथ आवश्यक मशीनरी का उपयोग कर कलेक्ट्र बिल्डिंग की रेनोवेशन कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। संयुक्त जिला कार्यालय भवन में संचालित लगभग सभी कार्यालय सामान्य रूप से संचालित होने लगे हैं तथा दैनिक कार्यालयीन कार्य भी सुचारु रूप से चल रहा है।



### रेस्टोरेशन कार्य का जायजा लेने देर रात कलेक्टोरेट पहुंचे कलेक्टर : एसपी

संयुक्त जिला कार्यालय में तेज गति से चल रहे रेस्टोरेशन कार्य का जायजा लेने देर रात 12 बजे कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने परिसर में कार्य कर रहे लोक निर्माण विभाग के मजदूरों से मुलाकत कर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही सोनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रात में मजदूरों की संख्या बढ़ाने एवं मजदूरों के सभी सुविधाओ के भी ख्याल रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अच्छे से सभी कार्यो का मॉनिटरिंग हो इसके लिए बलौदाबाजार एसडीएम को 24 घंटे रोटेशन में नायब तहसीलदारों के साथ पटवारियों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर गार्ड रूम में तैनात होम गार्ड के जवान से मिलकर सुरक्षा संबधित जानकारी लिया। इस पर अपर कलेक्टर को तत्काल फोन कर कल से ही होम गार्ड के जवानों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सोनी परिसर के चारो तरफ घूमकर अलग अलग सेक्शन में चल रहे कार्यो को भी विस्तृत जायजा लिया है। इसी तरह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने ड्यूटी में तैनात पुलिस जवानों से मिलकर उनका हालचाल का जायजा लिया। उन्होंने कहा की परिसर में बिना आई कार्ड के रात को किसी अंजान व्यक्ति को प्रवेश करने न देवे। मजदूरों का भी आईडी अवश्य चेक करे.साथ साथ ही मुख्य गेट के साथ ही परिसर के चारों तरफ समय समय पर गश्त करते रहे। निरीक्षण के दौरान बलौदाबाजार एसडीएम बी आर ध्रुव, तहसीलदार राजू पटेल, एसडीओ नायक, नायब तहसीलदार सहित अन्य लोक निर्माण विभागों के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## लेखन मिलन एवं सम्मान समारोह में राज्य के साहित्यकार शामिल हुए



**रायपुर, 13 जून।** पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी शिलांग की ओर से 17 वा लेखन मिलन एवम सम्मान समारोह पर्वतीय राष्ट्र में आयोजित किया गया। भूटान की साहित्यक सांस्कृतिक यात्रा 5से 9जून तक भूटान के फुटशोलिंग, थिम्फूऔर पारो मे आयोजित की गयी। अंतरराष्ट्रीय साहित्य सेवियों की ओर से हिन्दी के विकास एवम संवर्धन के लिए व्याख्यान, कविता पाठ, लघुकथा गोष्ठी हुई।

रायपुर छत्तीसगढ़ से डॉ अपराजिता शर्मा ने प्रतिभागिता की और अपनी रचना एवम आलेख का वाचन किया। उनकी कविता जीत का तू पर्याय बन को खूब सराहा गया। इस यात्रा का समापन समारोह फुटशोलिंग में महाराजा कृष्ण जैन के जन्मदिन के दिन हुआ इस अवसर पर पूर्वोतर हिन्दी अकादमी शिलांग और डॉ अकेला भाई फाउंडेशन की ओर से सम्मान समारोह में रायपुर की लेखिका और कवियत्री डॉ अपराजिता शर्मा को अंतरराष्ट्रीय मानस हिन्दी सेवी सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

### छग स्तरीय सिंगिंग कम्पिटिशन के लिए ऑडिशन 23 को

**रायपुर, 12 जून।** भट्ट म्यूजिक एकेडमी प्रजेन्ट 'सुर एक आवाज' छत्तीसगढ़ स्तरीय सिंगिंग कम्पिटिशन के लिये ऑडिशन 23 जून को भट्ट म्यूजिक एकेडमी, माहेश्वरी टॉवर, कैलाशपुरी, रायपुर में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक रखा गया है। भट्ट म्यूजिक एकेडमी के डायरेक्टर श्रीमती आस्था रमेश भट्ट ने बताया कि इस कम्पिटिशन में आयु वर्ग 7 से 16 और 16 से 40 वर्ष रखा गया है। रायपुर के बाद भिलाई, पॉवर हाउस, दुर्ग, राजनांदगांव में भी ऑडिशन लिया जाएगा। इसका ग्रेंड फिनाले 28 जुलाई को शाम 6 से रात 11 बजे तक मरीन ड्राइव में होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संगीतज्ञ, बतौर निर्णायक होंगे। ऑडिशन व अन्य जानकारी के लिये संस्था द्वारा जारी मो. नंबर 8103355702 पर संपर्क किया जा सकता है।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व योगेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर दी बधाई

**रायपुर, 13 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर मनसुख मंडावीया से सौजन्य मुलाकात कर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने हार्दिक बधाई दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं योगेश तिवारी ने जिस प्रकार पिछले कार्यकाल में भारत की विकास यात्रा में अपना योगदान सुनिश्चित किया है, उसी प्रकार इस सरकार में भी आप नये कीर्तिमान स्थापित करने की कामना की।




**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-1710/PUBLICATION/ 2265 Korba West, dtd. 11.06.2024

TENDER NOTICE No. 290/2024 (e-Bidding)

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective bidders for the following Work:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100037170 | Annual Contract of day to day operation of passenger elevator in TG building of 1x500 MW, TPP, Extn-III, Korba West. | 590/- | 12,310/- | 04.07.2024 |

NOTE:- 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **www.cspc.co.in– e-Bidding**.2. Quantity as per tender schedule.

SUPERINTENDING ENGINEER (C-II)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

Samvad-40350/1



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया**
**जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. 202406211900007
ब/121 वर्ष 2023-2024
ग्राम का नाम-मेण्डरा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवमंगल सिंह ठाकुर पिता श्री चमारराय ठाकुर जाति गोंड निवासी ग्राम मेण्डरा प.ह.नं. 45 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पिता चमारराय ठाकुर आत्मज श्री केजूराम ठाकुर माता का नाम श्रीमती केजाबाई ठाकुर की मृत्यु दिनांक 16.09.1988 (स्थान) ग्राम मेण्डरा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत मेण्डरा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 24/6/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 24/6/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/6/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)


■ प्रभारी सचिव ने ली विभागीय समीक्षा बैठक, मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

# बरसात से पहले सभी अप्रारंभ निर्माण कार्य शुरू कराएं : परदेशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 जून।** शिक्षा विभाग के सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कलेक्ट्रेट बिल्डिंग में संचालित सभी कार्यालयों का सामान्य रुप से संचालन तथा सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए लोगों के सुविधाओ का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की और बरसात से पहले सभी अप्रारंभ निर्माण कार्यो को शुरू करने के निर्देश दिए।



प्रभारी सचिव ने लोक निर्माण तथा आरईएस के अधिकारियों से कहा कि अब तक जो भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उसे बारिश से पहले शुरू कर दें ताकि बरसात में भी काम प्रभावित न हो। उन्होंने बरसात के समय होने वाली मौसमी बीमारियों पर नियन्त्रण हेतु आवश्यक तैयारी एव दवाई इत्यादि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इसके साथ ही आयुष्मान योजना के तहत दावों के निराकरण एवं भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने सभी एस डीएम को भी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। अगले 18जून को होने वाले शाला प्रवेश उत्सव की जानकारी लेते हुए आवश्यक तैयारी करने, मध्यान्ह भोजन का सुचारु संचालन तथा पाठ्य पुस्तक वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शाला विकास समिति का भी गठन करने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से जिले में कुपोषण की स्थिति की जानकारी लेते हुए कुपोषण में कमी लाने हेतु शासन की योजनाओं के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पोषण पुनर्वास केंद्र की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत गांवों में चल रहे कार्यों की जानकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से लेकर अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मल्टी विलेज स्कीम अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में नल जल पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीफ सीजन में खाद एवं बीज का भण्डारण तथा वितरण की जानकारी लेते हुए खाद - बीज का तेजी से उठाव कराने के निर्देश दिए। बैठक में डीईएफ्ओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे सहित सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)**

क्र./338/लो.नि.वि./2024-25 सुकमा, दिनांक 11.06.2024

**//मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका परिषद सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित किया जाता हैं।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 01 नग नलकूप खनन कार्य | 2.25 | 03.07.2024 |
| 02 | चबुतरा निर्माण कार्य | 1.12 | |

उपरोक्त कार्य की निविदा हेतु नियम शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के सूचना पटल से एवं विभागीय वेब साईट **www.cg.uad.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26